हरिभूमि
# रोहतक भूमि
रोहतक, गुरुवार, 24 अप्रैल 2025

तापमान
अधिकतम 41.0 डिग्री
न्यूनतम 16.9 डिग्री

11 वर्तमान दौर में जैविक अनुसंधान ने संभावनाओं ..



12 प्रत्येक खंड में ऑनलाइन शिक्षा के लिए उपलब्ध ...



## खबर संक्षेप

### प्रो. जितेंद्र बने फैकल्टी ऑफ लॉ के डीन

**रोहतक।** महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय के विधि विभाग के अध्यक्ष प्रो. जितेन्द्र के फैकल्टी ऑफ लॉ का डीन बनने पर विधि विभाग के प्राध्यापकों ने बधाई एवं शुभकामनाएं दी। विधि विभाग में प्राध्यापकों ने पुष्प गुच्छ भेंट कर प्रो. जितेन्द्र सिंह ढुल को फैकल्टी ऑफ लॉ का डीन बनने पर बधाई दी। प्रो. जितेन्द्र सिंह ढुल ने कुलपति प्रो. राजबीर सिंह का आभार जताते हुए कहा कि वे पूरी निष्ठा और ईमानदारी से अपने दायित्व का निर्वहन करेंगे और विधि विभाग को नई ऊंचाइयों तक ले जाने के लिए प्रयासरत रहेंगे। उन्होंने विभाग के शिक्षकों का आभार जताते हुए कहा कि उनका पूरा सहयोग शिक्षकों, शोधार्थियों और विद्यार्थियों के साथ रहेगा।

### दो दिन और आयोजित की जाएगी प्रदर्शनी

**रोहतक।** महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय के टैगोर सभागार में संचालित प्रदर्शनी स्कूल के विद्यार्थियों के लिए दो दिन और आयोजित की जाएगी।
निदेशक जनसंपर्क प्रो. आशीष दहिया ने कहा कि एमडीयू कुलपति प्रो. राजबीर सिंह के दिशा-निर्देशानुसार एमडीयू के 50 साल के गौरवशाली सफर बारे स्कूली विद्यार्थियों को अवगत करवाने के उद्देश्य से इस प्रदर्शनी को दो दिन के लिए बढ़ा दिया गया है। इस दौरान प्रदर्शनी में शामिल हर विभाग और प्रकोष्ठ की टीम स्कूली विद्यार्थियों को जानकारी देने के लिए अपने निर्धारित स्पेस पर उपलब्ध रहेंगी।

### मोटरसाइकिल चोरी का आरोपी गिरफ्तार

**रोहतक।** पुलिस ने बाइक चोरी की वारदात में आरोपी को गिरफ्तार किया गया। आरोपी को कोर्ट में पेश किया गया है। पीजीआई एमएस थाना प्रभारी महेश कुमार ने बताया कि बुढा खेडा, जींद निवासी प्रमेंद्र की शिकायत के आधार पर केस दर्ज करके जांच शुरु की गई। जांच में सामने आया कि 24 मार्च को प्रमेंद्र ने अपनी मोटरसाइकिल को ट्रामा सेंटर के पास खड़ा किया था। अज्ञात युवक प्रमेंद्र की मोटरसाइकिल चोरी कर मौके से फरार हो गया। जांच के दौरान 21 अप्रैल को आरोपी धर्मबीर निवासी जींद को गिरफ्तार किया गया है।

### मोर खेड़ी में 28 को प्रशासन का रात्रि ठहराव

**सांपला।** जिला प्रशासन 28 अप्रैल को मोर खेड़ी गांव में रात्रि ठहराव कार्यक्रम का आयोजन करेगा। इस दौरान ग्रामीणों की समस्याएं सुनकर उनका मौके पर ही समाधान करने का प्रयास किया जाएगा। जिले के सभी वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहेंगे। उपायुक्त की तरफ से सभी विभागों में सूचना भेज दी गई है। इस कार्यक्रम में ग्रामीणों को केंद्र और राज्य सरकार की योजनाओं की विस्तार से जानकारी दी जाएगी। लोगों को योजनाओं के पात्रता मापदंड और लाभ लेने की प्रक्रिया के बारे में बताया जाएगा। उपायुक्त का कहना कि रात्रि ठहराव के दौरान हर विभाग का अधिकारी मौजूद रहेगा और लोगों की समस्याओं का समाधान किया जाएगा।

### पहलगाम हमले का मुंह तोड़ जवाब मिलेगाः शर्मा

**रोहतक।** प्रदेश के सहकारिता, कारागार, पर्यटन मंत्री डॉ अरविंद शर्मा ने कहा कि यह बहुत ही दुखद घटना है और पूरा देश घटना के खिलाफ एक साथ खड़ा और इसे किसी भी सूरत में बर्दाशत नहीं किया जाएगा। उन्होंने कहा कि इस घटना की जितनी निंदा की जाए, उतनी ही कम है। साथ ही कैबिनेट मंत्री ने शोकाकुल परिवारों के प्रति गहरी संवेदनाएं व्यक्त की। इस बारे में प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि पहले भी आतंकवादियों ने इस तरह की घटना को अंजाम दिया था, जिसका जवाब उसके घर जाकर दिया गया था।



## मदविः 25 व 28 को होगी यूएमसी केसों की सुनवाई

**रोहतक।** महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय की दिसंबर 2024 में आयोजित बीसीए- प्रथम, तीसरे, पांचवें व छठे सेमेस्टर तथा एमबीए- प्रथम, तीसरे, चौथे, सातवें तथा नौंवे सेमेस्टर, एम.फार्मेसी दूसरे सेमेस्टर, बी. फार्मेसी- प्रथम व आठवें सेमेस्टर, बीबीए- प्रथम, तीसरे, पांचवें, व छठे सेमेस्टर, एमएड प्रथम व तीसरे सेमेस्टर, बीएड दूसरे सेमेस्टर तथा बीए बीएड प्रथम, तीसरे व पांचवें सेमेस्टर की परीक्षाओं के यूएमसी केसों की सुनवाई 25 अप्रैल को परीक्षा नियंत्रक कार्यालय में होगी। जिसका समय प्रातः 10 बजे तथा दोपहर 2.30 बजे होगा। परीक्षा नियंत्रक प्रो. गुलशन लाल तनेजा ने बताया कि दिसंबर 2024 में आयोजित बीएससी- प्रथम, तीसरे, पांचवें व छठे सेमेस्टर, एमसीए- प्रथम, तीसरे व चौथे सेमेस्टर, एमएससी- प्रथम, तीसरे व चौथे सेमेस्टर, बीए- प्रथम, तीसरे, पांचवें व छठे सेमेस्टर तथा एलएलएम तीसरे सेमेस्टर की परीक्षाओं के यूएमसी केसों की सुनवाई 28 अप्रैल को परीक्षा नियंत्रक कार्यालय में प्रातः 10 बजे तथा दोपहर 2.30 बजे आयोजित की जाएगी।

## मेडिटेशन, अध्यात्म व किताबों के सफर से रविंद्र कुमार को सिविल सेवा में 860वीं रैंक मिली

सिविल परीक्षा पास करने व संघर्ष की कहानी साझा की

हरिभूमि न्यूज ⏭ रोहतक

शहर के प्रेम नगर निवासी रविंद्र कुमार ने सिविल सेवा में 860 वां रैंक हासिल पर रोहतक का नाम रोशन किया है। यह मुकाम कई प्रयास में हासिल हुआ। इसके लिए पहले कोचिंग ली लेकिन बाद में घर रह कर ही पढ़ाई की। उन्होंने बातचीत में सिविल परीक्षा पास करने व अपने संघर्ष की कहानी साझा की। उन्होंने कहा कि जहां उन्हें अवसर मिलेगा वे बेहतर काम करेंगे। इतना ही नहीं उनके पूरे परिवार में वह इकलौते सदस्य हैं जिन्होंने यूपीएससी की परीक्षा पास की है।

**खास बातें**

- वर्ष 2011 में सिविल सेवा की तैयारी शुरू की, 2025 में मिली सफलता
- तैयारी के लिए पहले कोंचिग ली फिर सेल्फ स्टडी

**परिवार के साथ प्रसन्न मुद्रा में**



**सोशल मीडिया से दूरी बनाए रखी**

रविंद्र कुमार ने बताया कि आईआईटी रूडकी से केमिकल इंजीनियर की पढ़ाई के बाद निर्वाचन आयोग में सेक्शन ऑफिसर के पद पर कार्यरत हैं। यहां काम के साथ तैयारी की। पढ़ाई के घंटे या समय नहीं देखे। जब मन किया रात भर पढ़ा, जब मन किया दिन भर पढ़ता रहा। आराम के समय आराम किया। हां, सोशल मीडिया से दूरी बनाए रखी। यहां समय बर्बाद करने के बजाय अपनी पढ़ाई पर फोकस किया। इसके लिए जरूरी होने पर पुस्तकालय भी जाया करते थे। पढ़ाई से थकने पर मेडिटेशन व अध्यात्म की तरफ ध्यान दिया। इसके जरिये खुद को फिट रखने का भी मौका मिलता है। सामान्य जीवन पसंद है।
**मां से मिला प्रोत्साहन:** रविंद्र जिस समय आठ वर्ष के थे, उस समय उनके पिता जय भगवान का देहांत हो गया था। मां निर्मला देवी जिला परिषद में कार्यरत है। बहन दीपिका बैंगलौर में निजी बैंक में मैनेजर के पद पर कार्यरत है। उनका कहना है कि परिवार ने हर समय मुझे प्रोत्साहित किया। इसी वजह से सफल हुआ। उनकी सफलता में परिवार का पूरा योगदान है।

### 11 साल में भी पीने के पानी की व्यवस्था नहीं की जन स्वास्थ्य-अभियांत्रिक विभाग ने

## जेएनएल में पानी आने के 5 दिन बाद भी हालात सामान्य हों तो बड़ी बात, 26 से शुरू होगी सप्लाई

अमरजीत एस गिल ⏭ रोहतक

दूसरे रिहायशी इलाकों को आप छोड़े। इस समय सेक्टर एरिया में एक ही टाइम पानी की आपूर्ति की जा रही है। ऐसी ही परिस्थितियां अभी कम से कम पांच-छह दिन और भी बनी रहेंगी। 26 अप्रैल से जवाहर लाल नेहरू (जेएनएल ) फीडर में सिंचाई विभाग दो सप्ताह के लिए पानी की आपूर्ति शुरू कर रहा है। फीडर में पानी आने के अगले दो-तीन दिन तक पीने के पानी के हालात सामान्य हो जाएं तो बड़ी उपलब्धि होगी। जैसे ही नेहरू फीडर की आपूर्ति बंद होगी, उसके साथ ही भालौठ सब ब्रांच में शुरू हो जाएगी। बीते शनिवार से भिवानी सब ब्रांच और काहनौर डिस्ट्रीब्यूटरी में पानी की सप्लाई हुई है। जिससे इन नहरों के एरिया के जलघर भर जाएंगे।

### कई साल से दिक्कत

ये किसी से छुपा नहीं है कि शहर में पीने के पानी के लिए दस-ग्यारह साल से हाहाकार मचा हुआ है। लेकिन जन स्वास्थ्य विभाग आज तक समस्या का हल नहीं कर पाया। इतने लंबे समय में आज तक ये भी फाइनल नहीं किया गया कि नया जलघर कहां बनाया जाएगा। कुछ समय पहले भैयापुर-लाढ़ोत की जमीन में वाटर वर्क्स बनाने बारे में कहा जा रहा था। अब बताया गया कि भालौठ सब ब्रांच के साथ तिलियार पयर्टन केंद्र के पास जलघर बनेगा। कुल मिलाकर वर्षों से प्यासे शहर की प्यास बुझाने के लिए जन स्वास्थ्य विभाग के पास अभी तक कोई पक्का ब्लूप्रिंट भी नहीं है। ऐसे में लोगों की प्यास कैसे बुझेगी। ताजा हालात ये हैं कि शहर के पॉश इलाकों में भी पीने के पानी का संकट खड़ा है।



**क्षमता मुताबिक नहीं मिलता पानी**

जेएनएल फीडर की क्षमता 3500 क्यूसिक की है। लेकिन विडंबना ये है कि इतना पानी शायद कभी मिलता हो। गत 13 मार्च से एक अप्रैल तक फीडर में पानी की सप्लाई रही थी। लेकिन पूरी क्षमता के मुताबिक पानी नहीं नहीं चलाया गया। कई बार तो ऐसा भी हुआ कि मुश्किल से 2 हजार क्यूसिक पानी था। एक दफे तो 1000 क्यूसिक भी नहीं था। फीडर में 26 अप्रैल से 11 मई तक पानी चलेगा, ऐसा सिंचाई विभाग बता रहा है। इसके बाद फीडर में 30 मई को पुनः आपूर्ति प्रारंभ होगी। विभाग के अधिकारी बताते हैं कि ताजेवाला हेड से पानी की पूरी आपूर्ति मिलेगी तो ही जेएनएल में पूरी क्षमता के मुताबिक पानी चलाया जाएगा। बताया जा रहा है कि आने वाले दिनों में नहरी पानी की ही और ज्यादा किल्लत होगी। क्योंकि हेड पर पानी की और कमी होने का अंदेशा सिंचाई विभाग को है। अगर ऐसा हुआ तो फिर शहर में हालात और भी खराब हो जाएंगे।

**साफ-सफाई अच्छे से करवानी चाहिए**



26 अप्रैल को जेएनएल फीडर में पानी की आपूर्ति प्रारंभ हो जाएगी। जन स्वास्थ्य विभाग ने जलघरों तक पानी पहुंचाने वाले माइनर वगैरह की साफ-सफाई अच्छे से करवानी चाहिए। ताकि नहरी पानी के वहां पहुंचने में कोई अवरोध उत्पन्न न हो। **-रामनिवास, कार्यकारी अभियंता**, जवाहर लाल नेहरू फीडर

**बनी हुई है नियमित दिक्कत**

इस समय शहर के पॉश एरिया पानी की समस्या से दो-चार हो रहे हैं। लेकिन आप विडंबना देखें कि शहर की दर्जनों कॉलोनियां ऐसी हैं जहां अमूमन ही परेशानी का सामना करना पड़ता है। महीने में मुश्किल से पांच-सात दिन ही दो समय पानी की आपूर्ति जन स्वास्थ्य एवं अभियांत्रिक विभाग करता है। बाकि दिनों में एक समय ही सप्लाई दी जाती है। जिससे एरिया में पिछड़े लोग रहते हैं, उनमें पीने के पानी की समस्या सबसे ज्यादा।

**इन कॉलोनियों में नहीं आ रहा पानी**

लाढ़ौत रोड, सुखपुरा चौक, हनुमान कालोनी, तेज कॉलोनी, अशोक नगर, गुरुनानकपुरा, साईदास कॉलोनी, गोहाना अड्डा, डेयरी मोहल्ला, आजादगढ़, उत्तम विहार, शास्त्री नगर, बसंत विहार, डेयरी मोहल्ला, सल्लारा मोहल्ला, पुराना बस अड्डा, रामगोपाल कालोनी, तिलक नगर, बोहर सहित आसपास की कई कॉलोनियों में सुबह पांच से दस मिनट तक सप्लाई छोड़ी जाती है लेकिन कम प्रेशर की वजह से पानी लोगों के घरों तक नहीं पहुंच पाता।

### गांव समरगोपालपुर में घटना

## शराब पीने को लेकर ढाबा संचालक के साथ मारपीट

हरिभूमि न्यूज ⏭ रोहतक

हिसार बाइपास पर स्थित गांव समरगोपालपुर में शराब पीने को लेकर ढाबा संचालक के साथ मारपीट की। इसकी सूचना पुलिस को दी गई। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर मामले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस ने घायल ढाबा संचालक की शिकायत पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। पुलिस को दी शिकातय में घायल विकास तोमर ने बताया कि वह ढाबे पर बैठा था और इसी दौरान प्रीतम और मोहन ढाबे पर आए और शराब पीने लगे। शराब पीने के दौरान दोनों आरोपियों ने उसके साथ गाली-गलौज और मारपीट शुरू कर दी। आरोपियों ने दो-तीन युवकों को बुला लिया, जिन्हें देखकर वह जान बचाने के लिए ढाबे की रसोई में छिप गया। विकास तोमर ने बताया कि रात को जब वह ढाबा बंद कर घर जाने लगा तो रास्ते में प्रीतम, मोहन व उसके दोस्तों ने रास्ता रोक लिया और मारपीट शुरू कर दी।

## बालकनाथ कॉलोनी में बाइक सवार युवकों ने किया हमला

हरिभूमि न्यूज ⏭ रोहतक

जींद रोड स्थित बालकनाथ कॉलोनी निवासी युवक अंकित पर पीआईआर कॉलोनी में देर रात बाइक सवार युवकों ने घर में घुसकर जानलेवा हमला कर दिया। इसकी सूचना परिजनों ने शहर थाना पुलिस को दी और पुलिस ने मौके पर पहुंचकर मामले की जांच शुरू कर दी। पुलिस को दी शिकातय में घायल अंकित ने बताया कि वह घर पर बैठा हुआ था और उसके साथ चाचा के लड़के सचिन व लोकेश भी मौजूद थे। अचानक बाइकों पर सवार 15 से 20 युवक हाथों में डंडे लेकर घर में घुस गए और जान से मारने की नीयत से हमला कर दिया। हमलावरों ने सिर में कस्सी से वार किया, जबकि चाचा के लड़कों पर डंडों से हमला किया। हमले में उन्हें गहरी चोट लगी है। अंकित ने बताया कि उनकी किसी के साथ कोई रंजिश नहीं है। आरोपियों ने उनके ऊपर क्यों हमला किया, यह भी नहीं पता। वह आरोपियों को नहीं जानता कि किस बात पर हमला किया गया है या किसी ने करवाया है। अंकित ने बताया कि आरोपियों ने उनके साथ कई देर तक मारपीट की।

## साइबर ठगी में दो आरोपियों को दिल्ली से धर दबोचा

*कैश, मोबाइल और फ्रॉड में प्रयोग होने वाले 13 डिवाइस बरामद*

हरिभूमि न्यूज ⏭ रोहतक

क्रेडिट कार्ड की लिमिट बढ़ाने के नाम पर साइबर ठगी करने के मामले में दो आरोपियों को साइबर क्राइम पुलिस ने दिल्ली से गिरफ्तार किया है। आरोपियों के पास से कैश, मोबाइल और फ्रॉड करने में प्रयोग होने वाले 13 डिवाइस बरामद किए। यह जानकारी साइबर क्राइम थाना प्रभारी कुलदीप सिंह ने पत्रकारों को दी। उन्होंने बताया कि क्रेडिट कार्ड के प्वाइंट बढ़ाने के नाम पर ठगी करने के 2 मामलों में शिकायत प्राप्त हुई थी। जिसमें 1 लाख 40 हजार और 2 लाख 40 हजार रुपये की ठगी शामिल है। जांच के दौरान आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। थाना प्रभारी कुलदीप सिंह ने बताया कि साइबर क्राइम टीम ने डिजिटल रिकॉर्ड प्राप्त कर दिल्ली के 3 कॉल सेंटरों पर छापा मारा। जहां से गिरोह के मुख्य सरगना और उसके एक साथी को पकड़ा गया है। ये कॉल सेंटर दिल्ली, नोएडा और गाजियाबाद में चल रहे थे। जहां से काफी मात्रा में सामान बरामद किया गया है। कुलदीप ने बताया कि आरोपियों के कब्जे से करीब सवा दो लाख रुपये कैश, नए मोबाइल, राउटर और 13 डिवाइस मिले है, जिनसे आरोपी कॉल करते थे। आरोपियों के मोबाइल में ई-शॉपिंग का डेटा मिला है, जिससे ठगी की अन्य वारदातों का खुलासा भी किया जाएगा।



### गिरावड़ के खेतों में आग का तांडव, नहर क्रॉस कर भगवतीपुर और समरगोपालपुर के रकबे में जा पहुंची

## तीनों गांवों में गेहूं के फाने, ट्यूबवेल इंजन सोलर प्लेट, गेहूं की फसल और तूड़ी जली

*आग ने 150 एकड़ रकबे को ले लिया अपनी चपेट में*

हरिभूमि न्यूज ⏭ महम

बुधवार दोपहर को अचानक गिरावड़ गांव के खेतों में आग लग गई। तेज धूप व हवा के झांकों की वजह से आग ने विकराल रूप धारण कर लिया। आग ने ऐसा तांडव मचाया कि देखते ही देखते तीन गांवों के किसानों को लाखों रुपए का नुकसान हो गया। किसी किसान की गेहूं की फसल जल गई, तो किसी का खेत में ट्यूबवैल पर लगाया गया डीजल ईंजन आग की भेंट चढ़ गया। कई किसानों की सोलर प्लेटें जल गई, तो कइयों की तूड़ी और गेहूं के फाने जल गए। आग इतनी भयानक रूप से लगी थी कि आग ने पहले गिरावड़ के खेतों में नुकसान किया। उसके बाद आग काहनौर ब्रांच नहर को भी क्रॉस कर गई। जबकि नहर में पानी भी चल रहा था। भगवतीपुर के किसान अनिल कुमार ने बताया कि आग के चिंगारी नहर के दूसरी तरफ हवा के झोंकों की वजह से पहुंच गई। जिससे भगवतीपुर के खेतों में भी आग लग गई। इसी तरह समगरगोपालपुर के खेतों में भी आग लग गई। तीनों ही गांवों के किसानों को भारी नुकसान हुआ है। आग डेढ़ बजे गिरावड़ के खेतों में लगी थी और शाम होते होते दूसरे गांवों तक भी जां पहुंची। शाम तक करीब 150 एकड़ रकबा आग की चपेट में आ गया। इसमें भगवतीपुर गांव की 70 एकड़ भूमि, समरगोपालपुर गांव की 50 एकड़ और बाकि गिरावड़ गांव के खेत प्रभावित हुए हैं। शाम तक बड़ी मुश्किल से आग पर काबू पाया जा सका। लेकिन तब तक आग ने भारी नुकसान पहुंचाया है।



**महम।** आग से जलकर राख हो चुका गेहूं की तुड़ी का ढेर। फोटोः हरिभूमि

**कार्रवाई** नोटिस देने के बाद भी चल रहे थे गैर-मान्यता प्राप्त स्कूल

## शिक्षा विभाग की बड़ी कार्रवाई, किलोई गांव में चार स्कूलों को बंद करवाया

*71 स्कूलों की लिस्ट हुई थी जारी*

हरिभूमि न्यूज ⏭ रोहतक

शिक्षा विभाग द्वारा स्कूल बंद करने के नोटिस देने के बावजूद भी गांव किलोई में चल रहे चार गैर-मान्यता प्राप्त प्राइवेट स्कूलों को अधिकारियों द्वारा बुधवार को पुलिस बल के माध्यम से फिर से बंद करवाया गया। इन सभी स्कूलों को दो बार बंद करने के नोटिस दिये जा चुके थे और एक बार तो शिक्षा विभाग के अधिकारियों ने खुद मौके पर जाकर इन स्कूलों को बंद करवाया दिया था लेकिन कुछ ही दिन बाद संचालकों द्वारा इन स्कूलों को फिर से चालू कर लिया गया।
राजकीय सीनियर सेकेंडरी स्कूल के प्राचार्य महादेव शास्त्री ने बताया कि इन स्कूलों में शिव पब्लिक स्कूल, एसएस देव इंटरनेशनल स्कूल, रतन इंटरनेशनल स्कूल और एसएस किड्स कालेज शामिल है। सर्वप्रथम इन सभी स्कूलों को कलेस्टर हेड के माध्यम से एक अप्रैल को बंद करने का नोटिस दिया गया था। इसके बाद 14 अप्रैल को हमने स्कूलों में जाकर इन्हें बंद करवा दिया था। शास्त्री ने बताया कि कुछ ही दिनों बाद इन सभी स्कूलों को फिर से खोल दिया गया। चूंकि इस स्थिति में पुलिस बल के साथ स्कूलों को बंद करवाने की स्टैंडिंग दिशा-निर्देश है इसलिए कल हमने सदर पुलिस स्टेशन से सम्पर्क कर पुलिस बल की मांग की थी। आज जैसे ही पुलिस बल किलोई गांव पहुंचा तो हमने इन सभी चारों स्कूलों को फिर से बंद करवा दिया। उन्होंने कहा कि अगर फिर से इन स्कूलों को चलाया जाता है तो इनके खिलाफ सख्त कार्रवाई अंजाम में लाई जायेगी। गौरतलब है कि शिक्षा विभाग के आदेशों के बाद जिला शिक्षा अधिकारी ने रोहतक में बिना मान्यता चल रहे करीब 71 प्राइवेट स्कूलों की लिस्ट जारी की थी। जिनमें से 15 से अधिक स्कूलों को बंद करवाया जा चुका है।






**रोहतक।** स्कूल बंद करवाते पुलिस अधिकारी व शिक्षा विभाग के अधिकारी। फोटोः हरिभूमि




## मदविः सेंटर फॉर बायो टेक्नोलॉजी में एलुमनी इनवाटेड टॉक एंड इंटरेक्शन सेशन आयोजित

**रोहतक।** महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय के सेंटर फॉर बायो टेक्नोलॉजी में बुधवार को एलुमनी इनवाटेड टॉक एंड इंटरेक्शन सेशन का आयोजन किया गया। सीबीटी निदेशिका डा. रितु गिल ने बताया कि इस कार्यक्रम में प्रतिष्ठित एलुमनी एवं वर्तमान में चौ. रणबीर सिंह विवि, जींद में कार्यरत डॉ. अनीश और डॉ. पूजा झा ने विद्यार्थियों के साथ संवाद किया और अपने अनुभव साझा किए। डा. अनीश और डा. पूजा झा ने अपनी शैक्षणिक यात्रा, पेशेवर अनुभव और जैव प्रौद्योगिकी के उभरते परिदृश्य बारे व्यावहारिक जानकारी विद्यार्थियों को प्रदान की। उन्होंने शोध-उन्मुख सोच, अंतःविषय कौशल और वैश्विक वैज्ञानिक विकास के साथ बने रहने के महत्व पर प्रकाश डाला। संवाद कार्यक्रम में विद्यार्थियों को करियर मार्गदर्शन प्राप्त करने, उभरते शोध क्षेत्रों पर चर्चा करने और उच्च अध्ययन और प्रतियोगी परीक्षाओं पर बहुमूल्य जानकारी प्राप्त करने का अवसर मिला। इस अवसर पर विभाग के शिक्षक, शोधार्थी एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे।



डॉक्टर्स सजेशन



डॉ. आर. पी. सिंह सीनियर फिजिशियन, एनसीआर

# लॉन्ग सिटिंग जॉब से जब हो कमर में दर्द



**मेरी उम्र 29 वर्ष है। मेरी सिटिंग जॉब है। पिछले कुछ दिनों से मेरी कमर में दर्द हो रहा है। यह दर्द खड़े होने और चलने-फिरने पर अधिक बढ़ जाता है। कृपया मेरी इस प्रॉब्लम का सॉल्यूशन बताएं।**

**-केतन, रोहतक**

जैसा आप बता रहे हैं कि आपकी लंबी सीटिंग वाली जॉब है। इस तरह की जॉब वाले कई लोगों को ऐसी समस्या से रूबरू होना पड़ता है। इसका स्थाई समाधान पाने का तरीका है कि सबसे पहले आप एक साथ लंबी सिटिंग ना करें। सिटिंग के दौरान कुछ-कुछ समय के गैप पर सीट से उठकर चलते-फिरते रहें। साथ ही आप किसी फिजियोथैरेपिस्ट से संपर्क कर लें। वह आपको कुछ कमर की एक्सरसाइज बताएंगे, उसे नियमित रूप में आप सुबह-शाम करिए। एक्सरसाइज से ही स्थायी समाधान मिल पाएगा। वजन उठाने वाला और आगे झुकने वाला काम बिल्कुल ना करें। ज्यादा समस्या हो रही हो तो जरूर आप एक बार हड्डी रोग विशेषज्ञ से संपर्क कर सकते हैं।

**मेरी उम्र 24 वर्ष है। गर्मी आते ही मेरे चेहरे पर कील-मुंहासे, दाने निकलने लगते हैं। कृपया कुछ ऐसा उपाय बताएं, जिससे इस बार मेरी स्किन कील-मुंहासों से बची रहे।**

**-सूरज, रायपुर**

आपकी समस्या सुनकर ऐसा लग रहा है कि आपको धूप और गर्मी से एलर्जी है। जिस वजह से आपको ऐसी समस्या होती है। कोशिश करें कि आप धूप और गर्मी में कम से कम बाहर निकलें। एक बार आप त्वचा रोग विशेषज्ञ से भी संपर्क कर लें। वह आपको कोई क्रीम और साबुन बता देंगे, जिनका उपयोग आप नियमित रूप में करें। बगैर डॉक्टर से सलाह लिए बाजार से कोई भी क्रीम या साबुन का इस्तेमाल ना करें।

**मेरी उम्र 53 वर्ष है। तीन साल पहले मैंने पाइल्स का ऑपरेशन करवाया था। पहले तो ठीक था, लेकिन पिछले कुछ दिनों से मुझे फिर दर्द हो रहा है। क्या मुझे फिर से इसका ऑपरेशन करवाना पड़ सकता है?**

**-एक पाठक, ईमेल से**

एक बार आपको सर्जन से संपर्क करना चाहिए क्योंकि बगैर जांच किए कुछ भी कहना ठीक नहीं है। कई बार ऑपरेट किए गए मस्से में फिर से परेशानी हो जाती है। जिस डॉक्टर ने ऑपरेशन किया था उसी से संपर्क करें तो बेहतर होगा।

**मेरी उम्र 60 वर्ष है। मेरा पेट हमेशा भरा-भरा सा महसूस होता है। तय समय के हिसाब से खाना खा तो लेता हूं, लेकिन ठीक से भूख नहीं लगती। ऐसे में मुझे क्या करना चाहिए?**

**-राज किशोर, बेमेतरा**

आपकी समस्या सुनकर ऐसा लग रहा है कि आपकी पाचन क्रिया प्रभावित है। सबसे पहले आप अपना खान-पान सुधारें। खाने में अधिक तला-भुना और मिर्च-मसाले वाला खाना ना खाएं। दोपहर के खाने में सलाद, दही और पपीता जरूर शामिल करें। रात का खाना हल्का लें। पानी भी पर्याप्त मात्रा में पिएं। इससे आपको राहत मिलेगी। इससे भी राहत ना मिले तो एक बार गेस्ट्रोएंट्रोलॉजिस्ट डॉक्टर से कंसल्ट कर लें।

**मेरी उम्र 45 वर्ष है। मेरे पेट में दाईं तरफ अकसर बहुत तेज दर्द होने लगता है। पेनकिलर लेने पर तत्काल राहत तो मिल जाती है, लेकिन फिर यह दर्द कभी भी शुरू हो जाता है। कृपया बताएं कि ऐसा क्यों होता है?**

**-अक्षय, बिलासपुर**

बगैर जांच किए इस संबंध में कुछ भी कहना ठीक नहीं है। आप डॉक्टर से संपर्क करें और पेट का अल्ट्रासाउंड करा लें, जिससे इस दर्द का कारण पता चलेगा। क्योंकि कई बार स्टोन की वजह से भी इस तरह की समस्या आती है। इसलिए बेहतर होगा कि आप डॉक्टर से संपर्क कर लें। कारण जानने के बाद ही इलाज करना संभव होगा। *

**प्रस्तुति: रिचा पांडे**

**पाठक अपनी हेल्थ प्रॉब्लम्स से संबंधित सवाल sehatharibhoomi@gmail.com पर ई-मेल कर सकते हैं।**

डॉक्टर एडवाइस

**डॉ. नरेश कुमार**
सीनियर फिजीशियन
एलएनजेपी अस्पताल, दिल्ली

गर्मी के मौसम में मच्छरों का प्रकोप बढ़ जाता है। उनमें से कुछ मच्छरों के काटने से खतरनाक बीमारियां हो सकती हैं। जिनके उपचार में कोताही बरतने पर ये बीमारियां जानलेवा भी साबित होती हैं। मादा एनोफिलीज मच्छर के काटने से होने वाली एक संक्रामक बीमारी है-मलेरिया। सही समय पर उपचार ना कराने से यह रोग भी जानलेवा साबित हो सकता है।

### ऐसे होता है मलेरिया संक्रमण

मलेरिया रोग, मादा एनोफिलीज मच्छर के सलाइवा में मौजूद प्लाज्मोडियम परजीवी के संक्रमण से होता है। प्लाज्मोडियम की कई किस्में होती हैं- प्लाज्मोडियम वाइवेक्स, प्लाज्मोडियम फैल्सीफेरम, प्लाज्मोडियम ओवेल, प्लाज्मोडियम मलेरी। इनमें प्लाज्मोडियम फैल्सीफेरम से होने वाला मलेरिया बहुत खतरनाक और जानलेवा हो सकता है। मलेरिया के इन परजीवियों के संक्रमण का एक निश्चित चक्र होता है। मलेरिया पीड़ित व्यक्ति से एनोफिलीज मच्छर में और संक्रमित मच्छर से स्वस्थ व्यक्ति में। मादा एनोफिलीज मच्छर जब किसी मलेरिया के रोगी को काटती है तो उस व्यक्ति के खून में मौजूद मलेरिया के प्लाज्मोडियम परजीवियों को भी चूस लेती है और खुद भी संक्रमित हो जाती है। मच्छर के शरीर में पहुंचे मलेरिया के परजीवी 8-10 दिन में मलेरिया फैलाने में सक्षम हो जाते हैं। जब ये संक्रमित मच्छर किसी स्वस्थ व्यक्ति को काटते हैं, तो अपनी लार के साथ मलेरिया परजीवी उस व्यक्ति को संक्रमित कर देते हैं। ये परजीवी स्वस्थ व्यक्ति के लीवर में पहुंच कर तेजी से फैलने लगते हैं और ब्लड में पहुंच कर रेड ब्लड सेल्स को प्रभावित कर नष्ट करने लगते हैं। जिससे ब्लड प्लेटलेट्स कम होने लगते हैं और संक्रमित व्यक्ति मलेरिया की चपेट में आ जाता है। मच्छरों के काटने के अलावा मलेरिया के ये परजीवी गर्भवती महिलाओं के ब्लड से नवजात शिशुओं को भी संक्रमित कर सकते हैं। ब्लड ट्रांसप्लांट या डिस्पोजेबल इंजेक्शन का इस्तेमाल ना करने की स्थिति में भी एक स्वस्थ व्यक्ति को अपना शिकार बना सकते हैं।



**प्रमुख लक्षण:** मलेरिया के लक्षण इस बात पर निर्भर करते हैं कि पीड़ित व्यक्ति को इंफेक्शन किस मच्छर से और किस लेवल का हुआ है? अपने देश में ज्यादातर मलेरिया, प्लाज्मोडियम वाइवेक्स से फैलता है। एनोफिलीज मच्छर के काटने के 10 से 14 दिन बाद मलेरिया के लक्षण दिखने शुरू हो जाते हैं। ये लक्षण फ्लू से मिलते-जुलते हो सकते हैं। इनमें शामिल हैं-

- बहुत तेज बुखार आना, विशेषकर ठंड लगकर कंपकंपी के साथ 3-4 घंटे के लिए 102-103 डिग्री फारेनहाइट तक बुखार आना। बुखार उतरते समय मरीज को बहुत अधिक पसीना आना। यह साइकिल 24 घंटे में दो-तीन बार रिपीट होता है और कुछ को 48 घंटे में। इस तरह बुखार का उतार-चढ़ाव व्यक्ति के इम्यून सिस्टम को प्रभावित करता है।
- शरीर में खून की कमी होना।
- बहुत ज्यादा कमजोरी और थकान महसूस होना।
- शरीर की मांसपेशियों में दर्द होना।
- पेट में दर्द होना और उल्टी आना।
- हाथ-पैर में ऐंठन होना।
- स्थिति गंभीर होने पर तेज सिर दर्द होना।
- उल्टी, दस्त, डायरिया होना।
- सांस लेने में दिक्कत होना।
- बेहोशी आना।
- लो ब्लड शुगर और यूरिन में खून आना।
- दिमागी सूजन से झटके आना, दौरे पड़ना, बेहोश होना।

**ना बरतें लापरवाही:** अकसर मलेरिया के बुखार को साधारण फ्लू समझकर अनदेखा कर दिया जाता है। इससे मलेरिया का पता तब चलता है, जब इंफेक्शन बहुत ज्यादा बढ़ चुका होता है। ऐसे में शुरुआती लक्षणों को नजरअंदाज करने पर मलेरिया जानलेवा हो सकता है।

**जांच का तरीका:** मलेरिया की जांच के लिए मूलतया माइक्रोस्कोपिक ब्लड टेस्ट किया जाता है। मरीज की मलेरिया स्क्रीनिंग के लिए रैपिड डायग्नोस्टिक टेस्ट किया जाता है, जिससे मलेरिया कंफर्म हो जाता है। ब्लड पैरीफेरल स्मीयर टेस्ट किया जाता है यानी माइक्रोस्कोप के माध्यम से ब्लड में मलेरिया पैरासाइट की किस्म की जांच की जाती है, जिसके मुताबिक इलाज किया जाता है। मलेरिया की जांच के लिए कार्ड टेस्ट (गर्भवती महिलाओं), पॉलीमेरास चेन रिएक्शन टेस्ट (डीएनए की जांच), कंप्लीट ब्लड काउंट टेस्ट (ब्लड प्लेटलेट्स की जांच), इम्यून-लॉजिकल ऑप्टिमल टेस्ट (परजीवी द्वारा बनाए गए एंटीजेन) भी कराए जाते हैं। अगर रोगी के ब्लड प्लेटलेट्स डेढ़ लाख से कम हैं और मलेरिया के लक्षण हैं, तो ट्रीटमेंट तुरंत शुरू कर दिया जाता है।




**कैसे किया जाता है ट्रीटमेंट:** अगर समय रहते उपचार शुरू कर दिया जाए, तो मलेरिया पर काबू पाना मुश्किल नहीं है। स्थिति के आधार पर मरीज को मेडिसिन दी जाती हैं। शुरुआती अवस्था में 3-5 दिन के लिए एंटी मलेरियल मेडिसिन दी जाती हैं, जैसे- क्लोरोक्विन, प्राइमाक्विन, डोक्सीसीलाइन एमेफ्लोक्विन। स्थिति गंभीर होने पर मरीज को आईसीयू में एडमिट करना पड़ सकता है और एसिंप्टोमैटिक उपचार किया जाता है। मलेरिया के लिए आरटीसुनेट और क्विनिन मेडिसिन दी जाती हैं। सेरेब्रल मलेरिया के कारण दिमाग में सूजन और झटकों को कम करने की दवाइयां भी दी जाती हैं। गर्भवती महिला को मलेरिया की पुष्टि होने पर स्त्री रोग विशेषज्ञ की सलाह पर तुरंत उपचार शुरू कर दिया जाता है । इम्यूनिटी मजबूत करने के लिए उन्हें आयरन और विटामिंस की अतिरिक्त खुराक देनी पड़ती है।

स्पेशल: वर्ल्ड मलेरिया डे, 25 अप्रैल

हालांकि पहले के मुकाबले देश-दुनिया में मलेरिया का प्रकोप कम हुआ है लेकिन अभी भी हर साल लाखों लोग इससे ग्रसित होते हैं। इसके प्रति जागरूकता फैलाने के लिए ही हर वर्ष मलेरिया दिवस मनाते हैं। इस अवसर पर हम आपको यहां विस्तार से बता रहे हैं कि यह रोग कैसे होता है, इसके लक्षण क्या हैं, इसका उपचार कैसे होता है और इससे बचने के क्या तरीके हैं?

# मच्छरजनित खतरनाक रोग मलेरिया बरतें पूरी सावधानी-रहें सुरक्षित



**कैसे करें बचाव:** चूंकि मलेरिया से बचने के लिए फिलहाल कोई वैक्सीन उपलब्ध नहीं है। जरूरी है, मलेरिया के कारक मच्छरों से बचा जाए और मच्छरों से बचाव के लिए खुद पर ध्यान देने के साथ आस-पास के वातावरण पर भी ध्यान देना जरूरी है-

- मलेरिया फैलाने वाले मच्छर गंदे पानी में पनपते हैं। इसलिए गमलों, कूलर में या घर के आस-पास पानी इकट्ठा न होने दें और साफ-सफाई का विशेष ध्यान रखें। गड्ढे वगैरह हों तो मिट्टी, पत्थर से भर दें। जमा हुए पानी में मच्छरों को पनपने से रोकने के लिए ऑयल स्प्रिंकल करें। नालियों, गटर में नियमित तौर पर डीडीटी, बीएचसी पाउडर जैसे कीटनाशक दवाइयों या फिर केरोसिन का छिड़काव करें।
- दरवाजे, खिड़कियों, रोशनदानों या एग्जॉस्ट फैन चिमनियों पर जाली वाले दरवाजें लगवाएं ताकि मच्छर घर में ना आ सकें।
- मॉस्किटो-रेप्लेंट, कॉयल या वेपराइजर्स का इस्तेमाल करें।
- फुल स्लीव्स और फुल लेंथ के कपड़े पहनें। बच्चों का खास ध्यान रखें। शाम को बाहर या पार्क में खेलते समय ऐसे ही कपड़े पहनाएं।
- मुंह, हाथों या शरीर के दूसरे खुले अंगों पर एंटी मॉस्किटो क्रीम या सरसों, नीम, नीबू, लैवेंडर जैसे तेल लगाएं।
- सोते समय केमिकलयुक्त मॉस्किटो-कॉयल या रेप्लेंट इस्तेमाल करने के बजाय यथासंभव मच्छरदानी का इस्तेमाल करें। छोटे-बड़े सभी को मच्छरदानी लगाकर सोने की आदत डालें।
- घर के अंदर तुलसी, पुदीना, अजवायन, मेहंदी, लेमनग्रास, गेंदा, चमेली जैसे औषधीय पौधे लगाएं। इनकी महक से मच्छर दूर भागते हैं।
- ऐसी जगह पर जाने से बचें, जहां पर मच्छर ज्यादा हों। *

**प्रस्तुति: रजनी अरोड़ा**



### कारगर घरेलू उपचार

**मलेरिया होने** पर शरीर में रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने के लिए कई किस्म की जड़ी-बूटियों का सेवन कारगर होता है।

**नीम की पत्तियों का काढ़ा:** 4-5 नीम की पत्तियों को पानी में उबालकर पीएं। यह संक्रमण से लड़ने में मदद करता है।

**गिलोय का रस:** यह रोग प्रतिरोधक क्षमता को बढ़ाता है, दिन में एक बार 10-15 एमएल गिलोय का रस पी सकते हैं।

**तुलसी-अदरक की चाय:** तुलसी, अदरक और काली मिर्च डालकर बनी चाय मलेरिया में बहुत लाभकारी होती है।

**पपीते के पत्तों का रस:** पपीते के पत्तों का रस, प्लेटलेट्स बढ़ाने और शरीर को डिटॉक्स करने में मदद करता है। **-डॉ. माजिद अलीम**

आहार

**शिवचरण चौहान**

वैसे तो दही और छाछ का सेवन स्वास्थ्य के लिए लाभकारी होता ही है। लेकिन गर्मी के मौसम में दही का सेवन पाचन के लिए विशेष रूप से फायदेमंद होता है। पाचक, शीतल दही के स्वास्थ्यकर गुणों के बारे में जानिए।

# इस मौसम में खाएं दही आपका पेट रहेगा सही

आमतौर पर गाय या भैंस के दूध से दही जमाया जाता है। दही को मथकर मही यानी मट्ठा या छाछ बनता है। गर्मी के मौसम में दही और मट्ठा दोनों का सेवन हमारे स्वास्थ्य, विशेष रूप से पाचन तंत्र के लिए बहुत लाभप्रद होता है।

**उपस्थित पोषक तत्व:** वैज्ञानिकों के अनुसार दही के रासायनिक संगठन में 89.1 प्रतिशत पानी तथा 9 प्रतिशत ठोस भाग होता है। ठोस हिस्से में फैट 4%, लेक्टोज 2.9 प्रतिशत, प्रोटीन 0.8 प्रतिशत तथा कैल्शियम, फॉस्फोरस, आयरन, विटामिन ए, बी और सी के भी पर्याप्त अंश पाए जाते हैं।

**गुणों का भंडार:** दही एक पूर्ण पौष्टिक आहार है और हर कहीं आसानी से उपलब्ध हो सकता है। आयुर्वेद के अनुसार दही रुचिकर, भूख बढ़ाने वाला, स्निग्धता प्रदान करने वाला, पाचन में सहायक, वात नाशक, विषनाशक, यकृत की शक्ति बढ़ाने वाला, बवासीर और अन्य उदर रोगों के लिए लाभप्रद होता है। दही, हृदय और मस्तिष्क को शक्ति प्रदान करने वाला और आंतों की सफाई करने में भी सहायक होता है। अमेरिका के प्रो. जार्ज बी. मान ने अनेक शोधों के बाद निष्कर्ष निकाला कि दही में एक ऐसा तत्व भी मौजूद होता है, जो रक्त में कोलेस्ट्रॉल को कम करके दिल के दौरे को रोकता है। इसीलिए हृदयरोगियों को प्रो. जार्ज सलाह देते हैं कि दही पर्याप्त मात्रा में नियमित खाना चाहिए।

**पाचन रखे सही:** दही में दूध के सभी गुण मौजूद रहते हैं। दूध में पाए जाने वाले जीवाणु ही गर्मी पाकर जब बढ़ने लगते हैं। वे दूध में उपस्थित शर्करा को लैक्टिक अम्ल में तब्दील कर देते हैं। इससे दूध का प्राकृतिक मीठा स्वाद तो खट्टे स्वाद में परिवर्तित हो जाता है। लेकिन दूध में मौजूद अन्य गुण जैसे चिकनाहट और उसमें मौजूद पोषक तत्व जैसे- विटामिन ए और बी, प्रोटीन, कैल्शियम, फॉस्फोरस आदि विद्यमान रहते हैं। एक शक्तिदायक खाद्य पदार्थ होने के बावजूद यह मोटापा नहीं बढ़ाता। दही वीर्यवर्धक होता है और इससे पुरुषों के शुक्राणु पुष्ट होते हैं। यह हृदय, मस्तिष्क के समान ही यकृत को भी मजबूत बनाने में सहायक होता है। हमारा शरीर दही का 91 प्रतिशत भाग एक घंटे में सहजता से पचा लेता है। इस तरह यह अत्यंत पाचक है। वैज्ञानिकों के मुताबिक, आंतों के निचले हिस्से में ऐसे बैक्टीरिया होते हैं, जिनका भोजन पचाने में बड़ा योगदान होता है। ऐलोपैथी की अधिक दवाएं खाने से इन बैक्टीरिया की सक्रियता में कमी आ जाती है। इससे भोजन का पाचन सही रूप से नहीं हो पाता। दही में यह गुण होता है कि वह इन बैक्टीरिया को पुनः सक्रिय बना देता है, जिससे पाचन तंत्र सुचारु रूप से कार्य करने लगता है। दही शरीर की अतिरिक्त चर्बी को कम करने में भी सहायक होता है। कुछ वैज्ञानिकों का तो ऐसा भी कहना है कि दही के नियमित सेवन करने से कैंसर को प्रारंभिक अवस्था में ही रोका जा सकता है।



**स्वस्थ-दीर्घायु जीवन:** माना जाता है कि दही के नियमित सेवन से व्यक्ति दीर्घायु होता है। रूस के जॉर्जिया प्रदेश की 50 लाख की आबादी में कई हजार लोग सौ वर्ष से अधिक की आयु में भी स्वस्थ-प्रसन्नचित्त रहते हैं। बुल्गारिया में भी हजारों लोग वृद्धावस्था में पूरे तौर पर सेहतमंद रहते हैं। माना जाता है कि वहां के लोग अनुशासित जीवनशैली, पौष्टिक आहार अपनाने के अलावा भरपूर मात्रा में दही का नियमित सेवन भी करते हैं।

**ये भी हैं फायदे:** दही को बहुत प्राचीनकाल से सिर धोने के लिए भी इस्तेमाल किया जाता रहा है। इससे केश मुलायम, घने, काले और लंबे होते हैं। बालों की जड़ों में दही को अच्छी तरह लगाकर स्नान करना चाहिए। दही की ठंडी मलाई पलकों पर लेप करने से गर्मी और जलन कम होती है। वजन कम होने की शिकायत होने पर दही में छुहारा, किशमिश, बादाम, पिस्ता, चिरौंजी आदि मिलाकर नियमित रूप से सेवन करने से वजन में पर्याप्त वृद्धि होती है। दही की इतनी उपयोगिता को देखते हुए दही का सेवन नियमित रूप से किया जाना बहुत ही फायदेमंद है। लेकिन मिलावटी दूध से बना दही नुकसान करता है, इसलिए दही की गुणवत्ता की जांच परख कर इसका सेवन करना चाहिए। *



### छाछ भी है लाभदायक

**गर्मियों में** दही की लस्सी या छाछ का सेवन करना भी लाभकारी है। यह तृप्तिदायक शीतल पेय है। छाछ में दही के समान ही स्वास्थ्यवर्धक गुण पाए जाते हैं। छाछ के विभिन्न रोग-निवारक गुणों के कारण ही आयुर्वेद और यूनानी उपचार चिकित्सा पद्धति में इससे मंदाग्नि, आंतों की कमजोरी, पेचिश और दस्त आदि रोगों का उपचार किया जाता है। कब्जियत से छुटकारा पाने के लिए दही से बनी छाछ का नियमित रूप से सेवन करना चाहिए। इस छाछ में चुटकी भर काला नमक और पिसी अजवाइन भी डाला जा सकता है।

मेंटल हेल्थ

आज की जीवनशैली ऐसी हो गई है कि बच्चे, किशोर, युवा और वृद्ध हर उम्र के लोग तनाव और अवसाद से ग्रस्त हो रहे हैं। ऐसे में इसकी वजहें और इनसे बचने के तरीकों के बारे में जानना बहुत जरूरी है।

# हर उम्र के लोगों में बढ़ रही मेंटल प्रॉब्लम्स

आज के दौर में दुनिया भर में हर उम्र के लोगों में मेंटल हेल्थ प्रॉब्लम्स लगातार बढ़ती जा रही हैं। इसकी प्रमुख वजहों के बारे में अपोलो स्पेक्ट्रा हॉस्पिटल, दिल्ली में सीनियर कंसल्टेंट-काउंसिल एंड साइकोथेरेपी, **डॉ. नीलशा भेरवानी** बताती हैं, 'मानसिक स्वास्थ्य समस्याएं बढ़ने की प्रमुख वजहें तनाव, अनियमित दिनचर्या, सामाजिक दबाव, आर्थिक अस्थिरता, डिजिटल ओवरलोड और अकेलापन हैं। नींद की कमी, असंतुलित आहार, नशे की लत और शारीरिक गतिविधियों की कमी भी मानसिक बीमारियों को बढ़ावा देती हैं।' मानसिक स्वास्थ्य को प्राथमिकता देना आवश्यक है, इसके लिए सही दिनचर्या, योग-ध्यान, संतुलित आहार और संवाद को बढ़ावा देना जरूरी है। जागरूकता और समय पर इलाज से मेंटल हेल्थ को बेहतर बनाया जा सकता है।

**कॉमन मेंटल प्रॉब्लम्स:** आजकल लोग कई तरह की मानसिक स्वास्थ्य समस्याओं से जूझ रहे हैं, जिनमें प्रमुख रूप से डिप्रेशन, एंग्जायटी डिसऑर्डर, बाइपोलर डिसऑर्डर, ओसीडी (ऑब्सेसिव कंपल्सिव डिसऑर्डर), पोस्ट-ट्रॉमेटिक स्ट्रेस डिसऑर्डर (पीटीएसडी) और इंसोम्निया (अनिद्रा) शामिल हैं। लंबे समय तक तनाव, अकेलापन, असंतुलित जीवनशैली और डिजिटल एडिक्शन इन समस्याओं को बढ़ा रहे हैं। युवाओं में सोशल मीडिया की वजह से आत्मविश्वास की कमी और एंग्जायटी बढ़ रही है, जबकि वयस्कों में वर्क-प्रेशर और आर्थिक चिंताओं से डिप्रेशन आम होता जा रहा है।

**प्रमुख लक्षण:** कोई व्यक्ति किसी मेंटल हेल्थ प्रॉब्लम से ग्रस्त है, इसकी पहचान के बारे में मेरठ स्थित छत्रपति शिवाजी सुभारती हॉस्पिटल में कंसल्टेंट-साइकेट्रिस्ट, **डॉ. रितिका** बताती हैं- किसी व्यक्ति के मानसिक रूप से अस्वस्थ होने की पहचान उनके व्यवहार, भावनाओं और शारीरिक लक्षणों से की जा सकती है। लगातार उदासी, चिंता, चिड़चिड़ापन, आत्मविश्वास में कमी, बिना कारण डर लगना, अत्यधिक नकारात्मक सोच, एकांतवास पसंद करना आदि मानसिक स्वास्थ्य समस्याओं के संकेत हो सकते हैं। नींद न आना या ज्यादा सोना, भूख में कमी या वृद्धि, ध्यान केंद्रित करने में कठिनाई और रोजमर्रा के कार्यों में रुचि खत्म होना भी लक्षण हो सकते हैं। बार-बार सिरदर्द, थकान और दिल की धड़कन तेज होना भी संकेत देते हैं। अगर ये लक्षण लंबे समय तक बने रहें, तो तुरंत विशेषज्ञ से परामर्श लेना चाहिए।



**बचाव के तरीके:** मेंटली हेल्दी रहने के लिए संतुलित जीवनशैली अपनाना बेहद जरूरी है। नियमित योग, ध्यान और एक्सरसाइज मानसिक तनाव को कम करने में मदद करते हैं। संतुलित और पौष्टिक आहार शरीर के साथ दिमाग को भी स्वस्थ रखता है। पर्याप्त नींद (7-8 घंटे), सोशल कनेक्शन बनाए रखना, स्क्रीन टाइम कम करना और अपने शौक के लिए समय निकालना, मानसिक शांति बढ़ाता है। नकारात्मक सोच से बचें और जरूरत पड़ने पर दोस्तों, परिवार या मानसिक स्वास्थ्य विशेषज्ञ से बात करें। अत्यधिक कैफीन, नशे और जंक फूड से दूरी बनाना भी मानसिक स्वास्थ्य के लिए फायदेमंद होता है।



**ऐसे करें उपचार:** मेंटल प्रॉब्लम्स के उपचार के लिए श्री बालाजी एक्शन मेडिकल इंस्टीट्यूट, दिल्ली में सीनियर कंसल्टेंट-साइकोलॉजी, **डॉ. प्रशांत गोयल** सलाह देते हैं, 'मेंटली अनफिट व्यक्ति के उपचार में थेरेपी जैसे काउंसलिंग, मेडिटेशन, दवाएं और लाइफस्टाइल चेंज मददगार हो सकते हैं। परिवार और दोस्तों का सहयोग बेहद जरूरी है। वे भावनात्मक सहारा देकर, बिना जज किए बात सुनकर और सकारात्मक माहौल देकर मरीज की रिकवरी में मदद कर सकते हैं। अगर कोई व्यक्ति लगातार उदास, चिंतित, अकेला महसूस कर रहा हो, रोजमर्रा के काम करने में असमर्थ हो या आत्मघाती विचार आ रहे हों, तो तुरंत मानसिक स्वास्थ्य विशेषज्ञ से परामर्श लेना चाहिए।' मेंटल हेल्थ समस्या भी शारीरिक बीमारी की तरह गंभीर हो सकती है, इसलिए इलाज में देरी नहीं करनी चाहिए।

**बच्चे-किशोर भी हो रहे ग्रस्त:** आज के दौर में बच्चे और किशोर भी स्ट्रेस और डिप्रेशन का खूब शिकार हो रहे हैं। दरअसल, पढ़ाई का दबाव, सोशल मीडिया की तुलना, करियर की चिंता और पारिवारिक तनाव के कारण उनमें स्ट्रेस और डिप्रेशन बढ़ रहा है। इससे बचाने के लिए खुला संवाद, संतुलित दिनचर्या और भावनात्मक सहयोग जरूरी है। माता-पिता को बच्चों पर अत्यधिक प्रेशर डालने के बजाय उनकी भावनाओं को समझना चाहिए। डिजिटल डिटॉक्स, फिजिकल एक्टिविटी और हेल्दी लाइफस्टाइल अपनाने से मानसिक स्वास्थ्य बेहतर होता है। स्कूल और समाज में मेंटल हेल्थ को लेकर जागरूकता बढ़ाई जानी चाहिए, ताकि बच्चे बिना डर अपने मन की बात साझा कर सकें और समय रहते मदद मिल सके। *

**प्रस्तुति: सेहत फीचर्स**

## खबर संक्षेप

### प्रांशु अभिनव विचार के लिए हुआ चयनित

**रोहतक।** सांगवान इंटरनेशनल स्कूल के कक्षा दसवीं के छात्र प्रांशु को वर्ष 2024-2025 के लिए



भारत सरकार के विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्रालय द्वारा संचालित इंस्पायर अवार्ड योजना के अंतर्गत विज्ञान में उनके अभिनव विचार (इनोवेटिव आइडिया) के लिए चयनित किया गया है। इसके लिए सम्मान स्वरूप प्रांशु को 10 हजार रुपए की नकद राशि प्रदान की गई है। प्रांशु की इस शानदार उपलब्धि पर विद्यालय में हर्ष की लहर है।

### वैश्य महिला कालेज में हुई मेगा वर्कशॉप

**रोहतक।** वैश्य महिला महाविद्यालय में गृह विज्ञान विभाग में फेवीक्रिल की तरफ से 21, 22 और 23 अप्रैल को मेगा वर्कशॉप का आयोजन विभागाध्यक्ष डॉ. सरोज जैन, डॉ. परमिंदर कौर, डॉ. हरप्रीत कौर तथा फेवीक्रिल एक्सपर्ट सोनिया के निर्देशन में किया गया। इसमें 30 छात्राओं ने भाग लिया। इस वर्कशॉप में छात्राओं को पोट पेंटिंग, टाई एंड डाई और ब्लॉक प्रिंटिंग आदि बनाने के बारे में सिखाया गया। कॉलेज की प्राचार्य डॉ. रश्मि गुप्ता ने बच्चों की हस्तकला की सराहना कर उनका हौसला बढ़ाया।

### राज्यसभा सांसद आतंकी हमले की निंदा की

**महम।** राज्यसभा सांसद रामचंद्र



जांगड़ा ने कश्मीर के पहलगाम में आंतकवादियों द्वारा पर्यटकों पर किए गए हमले की कायराना हरकत की निंदा की है। जांगडा ने कहा की कश्मीर जो कभी धरती का स्वर्ग माना जाता था, वंहा पर आजादी के बाद सन 1947 से लगातार पाकिस्तान द्वारा माहौल दूषित करने का प्रयास किया गया। सन 2014 के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के अथक प्रयास और दूरदर्शितापूर्ण निर्णयों से पुनः शान्ति का माहौल बना और पूरी दुनिया के पर्यटकों में कश्मीर की सुंदर वादियों में घूमने का आकर्षण पैदा हुआ। लेकिन यह कायरान हरकत निंदनीय है।

### निर्दोष नागरिकों की हत्या कायराना कृत्य

रोहतक। राष्ट्रीय जन उद्योग व्यापार संगठन के प्रदेश अध्यक्ष गुलशन



डंग ने पहलगाम में हुए आतंकी हमले की कड़े शब्दों में निंदा की है। उन्होंने कहा कि यह हमला न केवल निर्दोष नागरिकों के खिलाफ एक कायराना कृत्य है, बल्कि मानवता के खिलाफ है, देश की एकता, अखंडता और सामाजिक सौहार्द्र को नुकसान पहुंचाने का प्रयास भी है। इस प्रकार के कायराना हमले हमें भयभीत नहीं कर सकते, बल्कि यह हमारे संकल्प को और मजबूत करते हैं कि हम आतंकवाद के खिलाफ एकजुट होकर खड़े रहेंगे।

### सभी पार्टियों के नेता एक महीना कश्मीर में बिताए

**रोहतक।** नवीन जयहिन्द ने आतंकी हमले में मारे गए लोगों की



आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की और घायलों के जल्दी ठीक होने की कामना की। उन्होंने कहा कि सभी पार्टियों के नेताओं को एक माह कश्मीर में बिताना चाहिए।

## महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठी आयोजित

# वर्तमान दौर में जैविक अनुसंधान ने नई संभावनाओं के द्वार खोले : एएस मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय के जेनेटिक्स विभाग द्वारा स्वराज सदन में मानव स्वास्थ्य के लिए जैविक अनुसंधान में हालिया प्रगति विषय पर राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन किया गया। एमडीयू के डॉ. राधा कृष्ण फाउंडेशन फंड द्वारा प्रायोजित इस राष्ट्रीय संगोष्ठी का शुभारंभ बतौर मुख्यातिथि डीन, एकेडमिक एफेयर्स प्रो. एएस मान ने किया। कुलसचिव डा. कृष्णकांत ने उद्घाटन सत्र में बतौर विशिष्ट अतिथि शिरकत की। प्रो. मान ने कहा कि वर्तमान दौर में जैविक अनुसंधान ने मानव स्वास्थ्य की दिशा में नई संभावनाओं के द्वार खोले हैं। आने वाले वर्षों में जैविक अनुसंधान निवारक चिकित्सा, व्यक्तिगत उपचार और दीर्घायु जीवन में क्षेत्र में क्रांति ला सकता है। कुलसचिव डा. कृष्णकांत ने कहा कि नई प्रौद्योगिकी एआई इत्यादि ने जैविक अनुसंधान में तेजी से प्रगति आई है। जैविक अनुसंधान की प्रगति वैज्ञानिक प्रयोगशाआलों से बाहर निकलकर आम आदमी के जीवन में बेहतर स्वास्थ्य, लंबी उम्र और गुणवत्तापूर्ण जीवनशैली लाने में सहायक बन रही है। डीन, रिसर्च एंड डेवलपमेंट प्रो. हरीश दूरेजा ने भी अपने विचार रखे। जेनेटिक्स विभाग के अध्यक्ष और संगोष्ठी के संयोजक प्रो. एसके तिवारी ने संगोष्ठी की विषयवस्तु पर प्रकाश डाला। जीव विज्ञान संकाय की डीन प्रो. मीनाक्षी वशिष्ठ ने जीव विज्ञान संकाय द्वारा संचालित पाठ्यक्रमों और अवसरों के बारे में बताया।

इसके अलावा डॉ. नीलम सहरावत ने पहले व्याख्यान सत्र की अध्यक्षता की और नई दिल्ली के इंटरनेशनल सेंटर फॉर जेनेटिक इंजीनियरिंग एंड बायोटेक्नोलॉजी के मलेरिया बायोलॉजी ग्रुप के प्रो. पवन मल्होत्रा का परिचय कराया। प्रो. पवन मल्होत्रा ने वैक्सीन विकास के लिए विभिन्न रणनीतियां मलेरिया वैक्सीन की स्थिति विषय पर व्याख्यान दिया। जिसमें उन्होंने विभिन्न प्रकार के टीकों, रोगजनक़ों की पहचान, टीके के विकास के चरण, नैनोबॉडीज़ के प्रकार और उत्पादन, मलेरिया वैक्सीन विकास पर उनके कार्य, विभिन्न रणनीतियों और रोगजनकों के खिलाफ वैक्सीन, दवा विकास में कठिनाइयों पर चर्चा की। डॉ. मुकेश तंवर ने अखिल भारतीय आयुर्वेद संस्थान, नई दिल्ली में मुख्य आहार विशेषज्ञ और एकीकृत आहार विज्ञान विभाग की प्रमुख डॉ. ज्योति अरोड़ा का परिचय कराया।




**रोहतक।** राष्ट्रीय संगोष्ठी का दीप जलाकर शुभारंभ करते नई दिल्ली के इंटरनेशनल सेंटर फॉर जेनेटिक इंजीनियरिंग एंड बायोटेक्नोलॉजी के मलेरिया बायोलॉजी ग्रुप के प्रो . पवन मल्होत्रा। *फोटो : हरिभूमि*



रोहतक। राष्ट्रीय संगोष्ठी में मौजूद प्रोफेसर व विद्यार्थी।

### बंगारोटॉक्सिन अवरोधक के बारे में भी चर्चा की

डॉ. रितु यादव ने दूसरे व्याख्यान की अध्यक्षता की और नई दिल्ली के दिल्ली विश्वविद्यालय दक्षिण परिसर के जेनेटिक्स विभाग की प्रमुख प्रो. तपस्या श्रीवास्तव का परिचय कराया। प्रो. तपस्या ने आनुवांशिक प्रवृत्ति, फेफड़ों के कैंसर का विकास और हाइपोक्सिक ट्यूमर माइक्रो एनवायरनमेंट विषय पर व्याख्यान दिया। उन्होंने बंगारोटॉक्सिन अवरोधक के बारे में भी चर्चा की जो संबंधित सिग्नलिंग को विनियमित करने और फेफड़ों के कैंसर के रोगियों के रोग का निदान सुधारने में मदद कर सकता है।

# आहार किसी के कहने पर मत करना: जैन मुनि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

आहार किसी के कहने पर मत करना, किसी के आदरण पर नहीं करना। किंतु जो प्रेमपूर्वक आहार करने के लिए कहे उसके यहां आहार जरूर करना। ये बात मुनि प्रणम्यसागर महाराज ने श्रद्धालुओं से कही। श्री दिंगबर जैन मंदिर सराय मौहल्ला रोहतक एवं सकल

जैन समाज के द्वारा आयोजित झज्जर रोड स्थित भगवान शांतिनाथ जैन मंदिर, जैन जतिजी में दिवसीय पंचाकल्याण प्रतिष्ठा महामहोत्सव ज्ञान कल्याणक में मंत्र आराधना, अभिषेक, शांति धारा, नित्यमय पूजा, तप कल्याणक, मुनिरा आदिनाथ का प्रथम आहार, हवन, विधान, मण्डल श्रद्धालुओं के द्वारा की गई। मीडिया प्रभारी राजीव जैन ने शिक्षा मंत्री महिपाल ढांडा, समारोह अध्यक्ष मुख्य संरक्षक समाज सेवी उद्योगपति विजय जैन, एलपीएस बोसार्ड के एमडी राजेश जैन, पूर्व सहकारिता मंत्री मनीष ग्रोवर एवं रामदीप आर्य,प्रधान अतुल जैन, सचिव अजय जैन एवं सभी सदस्यों ने महाराज के चरणों में श्रीफल भेंट किया और उनका मंगल आर्शीवाद लिया।





### जलाभिषेक किया

सुबह 6 बजे जलाभिषेक एवं शांति धारा श्रद्धालुओं ने की। विनय पाठ, नवदेवता पूजा, कल्याणक पूजा, अष्ट द्रव से बना द्रव भगवान के चरणों में श्रद्धालुओं द्वारा समर्पित किया गया। सभी ने संगीतमय मंगल आरती की। मुनिश्री ने कहा कि श्रावक के पुनः की गति के लिए श्रावक के अन्दर आहार ग्रहण देने का संस्थान इतना बढ़ जाए कि वह श्रावक जो आहार देकर वह नियम से मोक्ष प्राप्त करता है।

### अग्निपथ योजना बारे में किया जागरूक

**रोहतक।** स्थानीय सेना भर्ती कार्यालय के सहायक भर्ती अधिकारी भूपेंद्र सिंह ने विद्यार्थियों को अग्निपथ योजना के तहत भारतीय सेना में भर्ती होने बारे जागरूक किया। उन्होंने कहा कि सेना में ऑफिसर के तौर पर लडक़े व लड़कियों के लिए विभिन्न प्रकार की एंट्री स्कीम है। भूपेंद्र सिंह ने जिला के गांव कारौर स्थित राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय के 80 विद्यार्थियों व 10 स्टाफ सदस्यों तथा बहादुरगढ़ स्थित राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय के 400 छात्रों, 200 छात्राओं, 40 स्टाफ सदस्यों व 11 नगर परिषद व स्कूल संचालन समिति के सदस्यों को भारतीय सेना में भर्ती होने के लिए प्रोत्साहित किया। उन्होंने भारतीय सेना में भर्ती होने की पूरी प्रक्रिया के बारे बताया।



### सल्फास खाने के बाद भी बच गई युवक की जान

**रोहतक।** सोनीपत के गांव मे रहने वाले 30 साल के युवक ने सल्फास खा लिया। गंभीर हालत में युवक को पीजीआईएमएस रोहतक में भर्ती कराया गया। जहां पर मरीज की हालत और ज़्यादा बिगड़ती चली गई। जिसके बाद मरीज को रोहतक के पॉजिट्रॉन सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल में रेफर कर दिया गया। पॉजिट्रॉन हॉस्पिटल में आने से पहले लगभाग 20 घंटे का समय निकल चुका था। युवक के दिल, फेफडे और गुर्दे, काम करना बंद कर चुके थे। युवक की हालत को देखकर बचना मुश्किल लग रहा था। अस्पताल पिछले डेढ साल से गंभीर रोगियों को एक्मो सेवाएं प्रदान कर रहा है। कई मरीज जानलेवा बीमारी से एक्मो की सहायता से मुक्ति पा चुके है। पोजिट्रोन अस्पताल के सीईओ अनिल यादव ने बताया कि चिकित्सकों ने ना सिर्फ युवक की जान बचाई बल्कि यह संदेश भी दिया कि मैट्रो शहरों की तरह रोहतक में भी इलाज किया जा सकता है। युवक के शरीर में सल्फास का जहर फैल रहा था। अंदरूनी अंग धीरे-धीरे काम करना बन्द कर रहे थे। खून में ऑक्सीजन लेवल भी कम हो गया था। मरीज को एक्मो मशीन लगाई गई। बचने की कोई आस नहीं दिख रही थी। मशीन लगाने पर मरीज का हार्ट 2 दिन तक सिर्फ 2 से 5 प्रतिशत तक ही काम कर रहा था।

# संकट मोचन मंदिर में श्रीमद्भागवत कथा 26 से


हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

माता दरवाजा स्थित संकट मोचन मंदिर में ब्रह्मलीन गुरुमां गायत्री के निर्वाण दिवस के उपलक्ष में शनिवार 26 अप्रैल से 2 मई तक मंदिर में 7 दिवसीय भक्तिमय व धार्मिक कार्यक्रम आयोजित होंगे। मंदिर को आकर्षित लाईट से सजाया जा रहा है।

26 अप्रैल को प्रातः 8 बजे मंदिर से गद्दीनशीन साध्वी मानेश्वरी देवी और भक्त कलश यात्रा निकालेंगे, जो मुख्य बाजारों से होते हुए बाबा लक्ष्मणपुरी महाराज डेरे पर पहुंचेंगी, जहां वे श्रद्धा से कलश भरेंगे और डेरा महंत महामंडलेश्वर बाबा कपिल पुरी से आशीर्वाद प्राप्त करेंगे। कथावाचक साध्वी यमुना दीदी श्रीमद्भागवत कथा से भक्तों का मार्गदर्शन करेंगी। रविवार 27 अप्रैल को सुबह 9 से 1 बजे तक निशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर लगाया जाएगा। निशुल्क टेस्ट और दवाइयां वितरित की जाएंगी। 28 अप्रैल को आंखों की जांच का कैंप लगाया जाएगा। कार्यक्रम में 2 मई प्रातः 8 बजे हवन, कन्या पूजन 10 बजे, 11 बजे से भजन गायिका दीदी मीनाक्षी द्वारा भजन प्रवाह, ध्वजारोहण व कथावाचक यमुना देवी द्वारा श्रीमद्भागवत कथा का समापन 11 बजे, संत समागम 12 बजे, साध्वी व संत महत्माओं के प्रवचन, आर्शीवचन, आरती और 2 बजे भंडारे का आयोजन होगा।



गद्दीनशीन साध्वी मानेश्वरी देवी।



तैयारी करते हुए भक्तजन।

### ये संत महात्मा आशीर्वाचन देंगे

इस अवसर पर महामण्लेश्वर स्वामी कपिल पुरी महाराज, महंत कमल पुरी महाराज, महामण्लेश्वर कर्ण पुरी महाराज, स्वामी कालीदास, महामण्लेश्वर डॉ. परमानंद, महामण्लेश्वर विश्वेश्वरानंद, महामण्लेश्वर राघवेंद्र भारती, महंत मदन गोपाल, महामण्लेश्वर अनुभूतानंद, महंत दिलबाग सिंह, महंत ईश्वर शाह, महंत खुशहाल दास, बाबा हरदाल, महामण्लेश्वर माता आसानंद, दीदी वीना, ब्रह्मऋषि महाराज भक्तों को प्रवचन और आर्शीवचन देंगे।

# विश्व हिंदू परिषद ने कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले की निंदा की

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

विश्व हिंदू परिषद कार्यालय में आतंकियों द्वारा मारे गए लोगों की आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की गई। पहलगाम में हुई घटना में आतंकियों द्वारा जाति धर्म पूछ कर लोगों को मारा गया। इस हमले की विश्व हिंदू परिषद निंदा करता है व भारत सरकार से मांग करते हैं कि इन जिहादी मानसिकता व इस्लामिक आतंकवाद के विरुद्ध कठोर कार्यवाही करें। इस प्रार्थना सभा में प्रांत संगठन मंत्री राधे श्याम, प्रांत सह कोषाध्यक्ष महेंद्र अग्रवाल, जिला संगठन मंत्री कमल, जिला मंत्री केशव, अमित, कमल सुनेजा, रवि मिश्रा, प्रिंस दुआ, सतीश, सतपाल टांक आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### आतंकवादी हमले की भर्त्सना एवं श्रद्धांजलि

**रोहतक।** अखिल भारतीय राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ जम्मू-कश्मीर के पहलगाम क्षेत्र में हुए जघन्य आतंकवादी हमले की कठोर शब्दों में निंदा की है। महासंघ के अध्यक्ष प्रो. नारायण लाल गुप्ता ने कहा कि निर्दोषों के विरुद्ध ऐसी हिंसा सभ्यता के मूल्यों पर सीधा आघात है। यह हमारे देश की एकता और अखंडता पर हमला है। सभी राजनीतिक दलों और संगठनों को अपनी भिन्नताओं से ऊपर उठकर इस आतंकवादी कृत्य के विरुद्ध एकजुट होना चाहिए। अखिल भारतीय राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ इस घटना की घोर निंदा करता है और देश के नागरिकों से शांति, संयम एवं एकता बनाए रखने की अपील करता है। महासंघ की महामंत्री प्रो. गीता भट्ट ने कहा कि मजहब के नाम पर इस प्रकार की हत्याएं मानवता के इतिहास पर कलंक हैं।




**रोहतक।** मानसरोवर पार्क से कैंडल मार्च निकालते हुए महामंडलेश्वर अनभूतानन्द, महंत थानेश्वर दास, कपिल ठाकुर ,प्रिंस मल्होत्रा व सुषमा कण्हेली व अन्य।

# आज ईस्माइला में लगेगा रक्तदान शिविर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा 24 अप्रैल को इस्माईला गांव के सरकारी स्कूल में आयोजित किए जाने वाले कार्यक्रम में जिला रेडक्रॉस सोसाइटी एवं भारत विकास परिषद भगत सिंह शाखा रोहतक के सहयोग से एक और जहां रक्तदान शिविर का आयोजन किया जाएगा वहीं दूसरी ओर वरिष्ठ नागरिक जन और दिव्यांगजन के लिए पंजीकरण भी किया जाएगा।

उपायुक्त एवं रेडक्रॉस सोसाइटी के अध्यक्ष धीरेंद्र खडग़टा ने बताया कि 24 अप्रैल को आम जन को सुविधा मिल सके इसके लिए जिला रेडक्रॉस समिति एवं टी आई प्रोजेक्ट द्वारा भी स्वास्थ्य शिविर का आयोजन भी किया जाएगा। शिविर में आने वाले लोगों के स्वास्थ्य जांच की जायेगी और दवा भी दी जाएगी। उपायुक्त ने बताया कि जो दिव्यांगजन है वह भी अपना पंजीकरण करवा सकते हैं, जिससे कि आने वाले समय में उनकी आवश्यकता अनुसार उन्हें उपकरण मिल सकें। रेडक्रॉस सोसाइटी की स्टॉल पर जाकर अपना पंजीकरण करवा सकते हैं। उपायुक्त ने विभिन्न सामाजिक संगठनों रक्त दानियों से भी अनुरोध किया कि वह अपना रक्तदान करने के लिए इस्माईला के सरकारी स्कूल में पहुंचे और थैलेसीमिया से प्रभावित बच्चों के लिए लगाए जा रहे रक्तदान शिविर में सहयोगी बने ओर रक्त दान करें।

### पंजीकरण के नियम व शर्तें



उपायुक्त धीरेंद्र खड़गटा ने बताया कि जो युवा 18 साल से ऊपर हैं और कंडक्टर लाइसेंस के लिए फर्स्ट एड की ट्रेनिंग करना चाहते हैं वह भी रेडक्रॉस की स्टाल पर जाकर पंजीकरण करवा सकते हैं। जिला रेडक्रॉस समिति द्वारा शहर के साथ-साथ ग्रामीण अंचलों में जाकर भी रेडक्रॉस समिति द्वारा सेवा दी जा रही है, जिससे कि जरूरतमंद लोगों को विशेष रूप से दिव्यांगों को और वरिष्ठ नागरिक जन को इसका लाभ मिल सके। रेडक्रॉस की टीम द्वारा सांपला के कॉलेज और स्कूल में भी युवाओं को आज रक्तदान के लिए जागरूक किया गया है, जिससे कि वह 24 अप्रैल को अपना रक्तदान कर पुण्य के भागी बन सके।

## न्यूज डायरी



### पौधरोपण कर दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेश

**रोहतक।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की ओर से नीरजा कुलवंत कलसन, जिला एवं सत्र न्यायाधीश रोहतक एवं सीजेएम कम सचिव तरनुम खान के मार्गदर्शन में पौधा रोपण कार्यक्रम अधिवक्ता विजय पाल निनानिया द्वारा नवयुग स्कूल के प्ले ग्राउंड में किया गया। विजयपाल निनानिया ने नवयुग स्कूल के छात्रों को पौधरोपण के लिए प्रेरित किया और पौधों की देखभाल करने को कहा। इस अवसर पर एडवोकेट नरेंद्र अहलावत, ध्रुव, नितीश कुमार प्रशिक्षुक अधिवक्ता, स्कूल प्रधानाचार्या गीता जांगडा, मुख्याध्यापिका मनीषा शर्मा, मंजु कलकल, कंचन आंनद और स्कूल के छात्र उपस्थित रहे।



### हेल्थ कैंप में 56 लोगों की हुई जांच

**रोहतक।** स्वामी बालकपुरी महाराज की असीम कृपा से पुरिधाम के पीठाधीश्वर महामंडलेश्वर स्वामी कर्णपुरी महाराज के सानिध्य में पुरिधाम स्थित श्री बाबा बालकपुरी धर्मार्थ औषधालय द्वारा नाक, कान गले का निशुल्क चिकित्सा जांच शिविर लगाया गया। जिसमें 56 लोगों की जांच की गई। मुख्य अतिथि सीएमओ डॉ. रमेश रहे, जिन्होंने शिविर का उद्घाटन किया व औषधालय का भ्रमण कर यहां प्रदान की जा रही सुविधाओं की जानकारी ली।उन्होंने डिस्पेंसरी के कार्यों की प्रशंसा की। इस अवसर पर डॉ. पुष्कर, डॉ. श्वेता भल्ला, डॉ. संगीता, डॉ. उर्वशी व मैनेजर लालापुरी आदि उपस्थित रहे।



### करियर कांउसिलिंग प्रोग्राम का आयोजन

**रोहतक।** पठानिया पब्लिक स्कूल में लर्निंग कोच, मेडिटेशन एक्सपर्ट आचार्य पवन शर्मा द्वारा कक्षा ग्यारहवीं व बारहवीं के विद्यार्थियों के लिए करियर कांउसिलिंग प्रोग्राम का आयोजन किया गया। प्रोग्राम का शीर्षक टॉपर रहा। जिसके माध्यम से अपने लक्ष्यों को अधिगत करना, सकारात्मक सोच अपनाना रहा। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण ब्रेन डायरी रहा। यह डायरी विद्यार्थियों की सकारात्मक सोच, लक्ष्य और आत्मानुशासन में सहायक सिद्ध होगी। मंच संचालन तान्या व भूमिका ने रेशमा मल्होत्रा के दिशा निर्देशन में किया। स्कूल निदेशक अंशुल पठानिया ने कहा कि करियर कांउसिल प्रोग्राम विद्यार्थियों की शंकाओं के समाधान, दिशा-निर्देशक व अपनी रूचि के अनुसार अपने लक्ष्यों का चयन करने में सहायक सिद्ध होते है। समय-समय पर ऐसे आयोजन की आवश्यकता है। इस अवसर पर स्कूल को-फाउण्डर वर्षा पठानिया, प्रधानाचार्या तन्वी पठानिया, उप-प्रधानाचार्या प्रीति ढांडा, कोर्डिनेटर आलोक रानी, एक्टीविटी कोर्डिनेटर नीतू सेठी आदि उपस्थित रहे।

### सूचना

हम, सतबीर पुत्र श्री रामफल व सुनीता पत्नी श्री सतबीर निवासी कटेसरा, तहसील कलानौर, जिला रोहतक बयान करते हैं कि हमारी पुत्री आरती हमारे कहने-सुनने से बाहर है। इसलिये हम इसको अपनी चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल करते हैं। इससे लेन-देन, व्यवहार करने वाला स्वयं जिम्मेवार होगा। हमारी व हमारे परिवार की कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

### NOTICE

I, Parveen R/o H.No. 1366/11, Rainak Pura, Teh. & Distt. Rohtak (Haryana) declare that I have lost my Arms Licence No. 401/DMK/H/ARMS at Rohtak Bus Stand on 23.04.2025.

### NOTICE

I, Krishan R/o Village Pillu Khera Mandi, Teh. & Distt. Jind (Haryana) declare that I have lost my Arms Licence No. 41/BML/141 at Subhash Chowk, Near RK Sweets, Sonipat on 18.04.2025.

TOP-IN-TOWN रोहतक बाजार
विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें: विज्ञापन विभाग, हरिभूमि कार्यालय, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक
मो. 9996959400, 9996985800, 9996965600, 9996954600

शिव देव सर्विसेज
आवश्यकता है
मैन पावर कंपनी में
• एचआर हेड (महिला)
• फील्ड ऑफिसर
• टेलीकॉलर (महिला)
सिक्योरिटी गार्ड और हाउसकीपिंग स्टाफ के लिए सम्पर्क करें।
202, टाउन सेंटर मॉल, डी-पार्क, रोहतक
अपना रिज्यूम व्हाट्सएप करें M. 9991789000

मानसरोवर हॉस्पिटल
REQUIRES
PRO 5
NURSING STAFF 4
ICU STAFF 10
MALE NURSING STAFF 5
HOUSE KEEPING 2
नजदीक पी.एन.बी. बैंक, विकास नगर के सामने, सोनीपत रोड, रोहतक
Tel. :- +91-1262-253500 Mobile: 9254302848, 9053005599

PRIME SCHOOL UNIFORMS
Mfrs & Traders: All Types of School Uniforms, T-Shirts, Lower & Track Suits etc.
Deals in All Kind of School Bag, School Shoes & Stationary Items
Shoes 20% off
VIPIN KUMAR M. 9812587499
All School Dress also available
▸All Vaish School ▸Vedanta School ▸Shiksha Bharti ▸Scholar Rosary ▸St. Pall School ▸ZAD Global School ▸Model School ▸Shivalik School ▸DAV School ▸MRGS School ▸Baba Mast Nath School ▸GD Royal School
802/12, Arya Nagar, Opp. Vedic Ashram, Near HUDA Complex, Rohtak | Ph.: 01262-258299

पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट ने मंत्री विज के आदेश पर लगाई थी रोक

# हरियाणा सरकार ने बिजली निगम के एसई को दोबारा किया सस्पेंड

## कैबिनेट मंत्री बोले, अदालतों को थोड़ा समझना चाहिए

**हिसार डीएचबीवीएनएल के मैनेजिंग डायरेक्टर की ओर से जारी आदेश**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

जींद में बिजली निगम के सुपरिंटेंडेंट इंजीनियर (एसई) हरि दत्त को सरकार ने दोबारा सस्पेंड कर दिया है। हिसार डीएचबीवीएनएल के मैनेजिंग डायरेक्टर की ओर से जारी आदेश में कहा गया है कि उन्हें तत्काल प्रभाव से निलंबित किया जाता है। इस बार जारी किए गए आदेशों में निलंबन के कारण को दर्शाया भी गया है। लिखा गया है कि एसई पर यह कार्रवाई समय पर कार्य पूरे न करने और कार्यों का पर्यवेक्षण न करने के आरोप लगने पर की जा रही है। निलंबन का कारण न बताने के चलते पंजाब एंड हरियाणा हाईकोर्ट ने 22 अप्रैल को दिए आदेश में एसई के निलंबन को रद्द कर दिया था। नया आदेश जारी होने से पहले कैबिनेट मंत्री महिपाल ढांडा रोहतक में थे। उन्होंने कहा कि अदालतों को भी थोड़ा समझना चाहिए। हम कोर्ट को कोई ज्ञान नहीं दे रहे हैं, लेकिन अगर कोई मामला हुआ है, तो उसकी पूरी जानकारी कोर्ट को होनी चाहिए। उसके बाद ही निर्णय लिया जाना चाहिए। महिपाल ढांडा ने कहा कि एसई को सस्पेंड करने के मामले में कोर्ट ने कहा था कि सरकार चाहे तो अगला कदम उठा सकती है। उन्होंने कहा किसी अधिकारी या कर्मचारी ने किसी विधायक या मंत्री का फोन नहीं उठाया या बात नहीं सुनी तो उसे बख्शा नहीं जाएगा।

### यह है मामला

मामले के अनुसार, कुछ किसान विगत दिनों शिक्षा मंत्री महिपाल ढांडा से मिले थे। शिक्षा मंत्री जींद में जिला परिवेदना समिति के अध्यक्ष हैं। किसानों की समस्याएं सुनने के बाद उन्होंने एसई हरिदत्त को फोन किया था, लेकिन उनका फोन नहीं उठाया गया। इससे मंत्री नाराज हो गए। उन्हें बिजली विभाग के एसई की पहले भी इस तरह की शिकायतें मिली थीं। इसलिए, उन्होंने एसई की शिकायत ऊर्जा एवं श्रम मंत्री अनिल विज से की। विगत बुधवार को ही चंडीगढ़ में कैबिनेट मंत्री अनिल विज की अध्यक्षता में बिजली निगम के अधिकारियों की बैठक हुई थी। ऊर्जा मंत्री ने एसई के खिलाफ कार्रवाई के आदेश जारी किए।

### आतंकियों को बख्शा नहीं जाएगा: ढांडा

शिक्षा मंत्री महिपाल ढांडा ने पहलगाम के आतंकी हमले के बारे में उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कड़ा संदेश दिया है कि इस घटना को अंजाम देने वालों को बख्शा नहीं जाएगा। उन्होंने कहा कि पहले भी इस तरह की हरकतें करने वालों को उनके घर में घुसकर जवाब दिया गया है। उन्होंने इस घटना को कायरतापूर्ण बताते हुए कहा कि अब देश में कमजोर नहीं बल्कि मजबूत राजनीतिक सोच व नेतृत्व है। ढांडा ने कहा कि संयम की एक सीमा होती है तथा इस निर्मम आतंकी घटना ने संयम की पराकाष्ठा को पार किया है। उन्होंने समाज के बुद्धिजीवी वर्ग का आह्वान किया है कि वे इस कायराना घटना के विरुद्ध आवाज उठाए। समाज इस कायरतापूर्ण घटना को भूलेगा नहीं। इस घटना को अंजाम देने वाले कायर आतंकवादी सजा भुगतने के लिए तैयार रहे।

### अफसरों को सुधरना होगा

कैबिनेट मंत्री ने कहा कि अधिकारियों ने इग्नोर करने की परिपाटी बनाई हुई है, वह अब नहीं चलेगी। जिस अधिकारी पर एक्शन हुआ है, उसको डिपार्टमेंटली ठीक करना होगा। उन्होंने कहा अधिकारी कोर्ट का सहारा लेकर यह न सोचे कि कोई कुछ नहीं कर सकता। उसे डिपार्टमेंटली अपना वर्जन देना होगा।

### जाट शिक्षण संस्था के प्रधान के आवास पर पहुंचे शिक्षामंत्री महिपाल



रोहतक। जाट शिक्षण संस्था के प्रधान गुलाब सिंह दिमाना के सेक्टर-14 स्थित निवास स्थान पर हरियाणा के शिक्षामंत्री महिपाल सिंह ढांडा विशेष मुलाकात के लिए पहुंचे। वहां पहुंचने पर प्रधान गुलाब सिंह दिमाना, उपप्रधान धर्मराज, महासचिव नवदीप सिंह, कॉलेजियम सदस्यों व कई सामाजिक लोगों ने मंत्री जी को गद्दा भेंटकर स्वागत किया। प्रधान गुलाब सिंह दिमाना ने बताया कि प्रदेश के शिक्षामंत्री विशेष मुलाकात के लिए उनके सेक्टर-14 स्थित निवास पर पहुंचे थे। जहां पर जाट शिक्षण संस्था के विकास को लेकर तथा आगामी रणनीति को लेकर काफी गहनता से बातचीत हुई।

## प्रत्येक खंड में ऑनलाइन शिक्षा के लिए उपलब्ध करवाई जाएंगी सुविधाएं : शिक्षा मंत्री

- सुपर 100 कार्यक्रम के 223 बच्चों में से 200 विद्यार्थियों ने जेईई मेंस के लिए किया क्वालिफाई
- बेहतर शिक्षा नीति के लिए प्रधानमंत्री ने शिक्षाविदों के साथ किया मंथन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक




रोहतक। विद्यार्थियों को सम्मानित करते हरियाणा के शिक्षा मंत्री महिपाल ढांडा, पूर्व मंत्री मनीष कुमार ग्रोवर व महाविद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ. लोकेश बल्हारा ।

हरियाणा के शिक्षा मंत्री महिपाल ढांडा ने कहा कि प्रदेश में सरकारी स्कूलों की गुणवत्ता में और वृद्धि करने के उद्देश्य से प्रदेश के प्रत्येक खंड में एक-एक स्कूल में ऐसी सुविधाएं विकसित की जाएंगी, जहां पर विषय विशेषज्ञों द्वारा विज्ञान एवं गणित विषयों की ऑनलाइन शिक्षा उपलब्ध करवाई जाए। सरकार का प्रयास है कि कोई भी बच्चा शिक्षा के अभाव में न रहे। सरकार द्वारा क्रियान्वित की किए जा रहे सुपर 100 कार्यक्रम के तहत 223 बच्चों में से 200 विद्यार्थियों ने जेईई मेंस के लिए क्वालिफाई किया है। शिक्षा मंत्री महिपाल ढांडा स्थानीय पंडित नेकीराम शर्मा राजकीय महाविद्यालय के वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह में बतौर मुख्यातिथि उपस्थितगण को संबोधित कर रहे थे। इससे पूर्व शिक्षा मंत्री महिपाल ढांडा, पूर्व मंत्री मनीष कुमार ग्रोवर, महाविद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ. लोकेश बल्हारा ने महाविद्यालय परिसर में स्थित महान स्वतंत्रता सेनानी पंडित नेकीराम शर्मा, शहीद मेजर सज्जन सिंह गहलावत एवं शहीद लेफ्टिनेंट कुलदीप राठी की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। उन्होंने महाविद्यालय परिसर में नवनिर्मित सम्मेलन कक्ष एवं शैक्षणिक खंड का भी उद्घाटन किया। उन्होंने कहा कि उनका प्रयास है कि प्रदेश के प्रत्येक खंड में एक-एक स्कूल में विज्ञान एवं गणित की शिक्षा विषय विशेषज्ञों द्वारा ऑनलाइन माध्यम से दी जाए। प्रदेश के राजकीय विद्यालयों में स्मार्ट क्लास की सुविधा उपलब्ध है। शिक्षा मंत्री महिपाल ढांडा ने कहा कि सरकार द्वारा यह सुनिश्चित किया जा रहा है प्रदेश में सरकारी विद्यालयों में पढ़ने वाले हर विद्यार्थी को 30 अप्रैल तक सभी पुस्तकें उपलब्ध करवाई जाए। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथियों में रणदीप कादयान, पूर्व सीनियर डिप्टी मेयर राजकमल सहगल, रमेश भाटिया, अजमेर मलिक, दिनेश निंदाना, प्रदीप मांडी, ओम प्रकाश बागड़ी के अलावा महाविद्यालय स्टाफ में डॉ. सुरेंद्र सांगवान, डॉ. अनिल कुमार, डॉ. एकता शर्मा, डॉ. सतीश खासा, डॉ. वेदप्रकाश, डॉ. रविंद्र, डॉ. मीनाक्षी सहित अन्य प्राध्यापकगण व विद्यार्थी मौजूद रहे।

### 1927 में पं. नेकीराम कॉलेज की हुई स्थापना : पूर्व मंत्री मनीष ग्रोवर

कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि एवं प्रदेश के पूर्व मंत्री मनीष कुमार ग्रोवर ने कहा कि वर्ष 1927 में पंडित नेकीराम शर्मा राजकीय महाविद्यालय की स्थापना की गई थी। इस महाविद्यालय में शिक्षा ग्रहण कर विद्यार्थियों ने उच्च मुकाम हासिल किया है। उन्होंने कहा कि उन्होंने एक वर्ष तक इस महाविद्यालय में शिक्षा ग्रहण की है।



### श्री परशुराम की मूर्ति का अनावरण समारोह 26 को

रोहतक। 26 अप्रैल शनिवार को इंदिरा कॉलोनी ब्राह्मण धर्मशाला में भगवान परशुराम की मूर्ति का अनावरण समारोह आयोजित किया जाएगा।ब्राह्मण धर्मशाला के प्रधान खुशीराम शास्त्री ने बताया कि भगवान परशुराम की आदमकद प्रतिमा अनावरण कार्यक्रम में मुख्यतिथि के रूप में कैबिनेट मंत्री डॉ अरविन्द शर्मा शिरकत करेंगे। साथ ही बाबा कालिदास व विशिष्ट अतिथि के रूप में मेयर रामअवतार बाल्मीकि, पूर्व मेयर मनमोहन गोयल, निगम पार्षद प्रवीण कौशिक, ब्राह्मण आरक्षण संघर्ष समिति के अध्यक्ष हरिराम दीक्षित शिरकत करेंगे। उन्होंने बताया कि इंदिरा कॉलोनी ब्राह्मण सभा की कार्यकारिणी गांव गांव जाकर निमंत्रण दे रही है और 36 बिरादरी के लोगों से कार्यक्रम में शामिल होने की अपील की है। उन्होंने बताया कि शुक्रवार को गांव समरगोपालपुर, द्तोड़, बोहर, गांधरा, पाकस्मा, अटायल, भैंसरु, सांपला, झज्जर, दादरी तोय, बादशाहपुर, भालोट आदि गांवो में निमंत्रण दिया है। खुशीराम शास्त्री ने बताया कि महापुरुष किसी एक जाति के नहीं होते है उनको सर्व समाज मानता है। इस मौके पर राकेश वत्स, रामफल शर्मा, नरेंद्र कुमार, चंद्रभान भालोठ, प्रवीण कुमार, श्रीभगवान, सत्यवान शर्मा, पतराम आदि मौजूद रहे।

### शिशु वाटिका का किया निरीक्षण



रोहतक। हिन्दू शिक्षा समिति, हरियाणा प्रांत के शिशु वाटिका प्रमुख सोमदत्त ने विद्यालय शिशु वाटिका का निरीक्षण किया। इस मौके पर उन्होंने शिशु वाटिका के कुशल संचालन के लिए दिशा निर्देश दिए। उन्होंने नन्हें मुन्ने बच्चों के साथ वंदना भी की और बच्चों के साथ खेल में भी भाग लिया। सोमदत्त ने बच्चों को कहानियों के माध्यम से नैतिक मूल्यों के महत्त्व को समझाया और उन्हें जीवन में इन मूल्यों को अपनाने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने शिशु वाटिका के शिक्षकों और कर्मचारियों की भी सराहना की और उन्हें अपने कार्यों में और अधिक मेहनत करने के लिए प्रोत्साहित किया। निरीक्षण के दौरान शिशु वाटिका की व्यवस्थाओं का भी जायजा लिया और आवश्यक सुझाव दिए। उन्होंने कहा कि शिशु वाटिका का उद्देश्य बच्चों को शिक्षा के साथ-साथ नैतिक मूल्यों और सामाजिक कौशलों का भी विकास करना है। विद्यालय प्रशासन ने उनका आभार व्यक्त किया।

## डीएवी शताब्दी स्कूल के विद्यार्थियों ने आईआईटी जेईई मेन्स परीक्षा की उत्तीर्ण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

डीएवी शताब्दी पब्लिक स्कूल के 8 विद्यार्थियों अर्श, निवान कादयान, हितेन, तन्वी गुप्ता, लावण्य, हर्षित, प्रांशु तथा रूद्र ने आईआईटी जेईई मेन्स परीक्षा 2025 उत्तीर्ण कर अपना व विद्यालय का नाम रोशन किया है। यह उनके अटूट दृढ़ संकल्प, अथक प्रयासों और शैक्षणिक उत्कृष्टता का परिणाम है। प्रधानाचार्य शंकर लाल और स्टाफ सदस्यों ने सभी विद्यार्थियों को हार्दिक बधाई दी तथा भविष्य में इसी प्रकार दृढ़ परिश्रम के द्वारा जीवन में आगे बढ़ने की प्रेरणा दी।




### प्रो. सत्यवान को दी फेयरवेल पार्टी

रोहतक। महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय बॉयज हास्टल कांप्लेक्स में चीफ वार्डन बॉयज प्रो .सत्यवान बरोदा को फेयरवेल दी गई। प्रो. सत्यवान बरोदा इसी माह सेवानिवृत हो रहे हैं। चीफ वार्डन कार्यालय तथा सभी बॉयज वार्डन द्वारा आयोजित इस फेयरवेल समारोह में वार्डन्स ने चीफ वार्डन प्रो. सत्यवान बरोदा के कार्यकाल की सराहना की और स्वस्थ एवं उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी। प्रो. सत्यवान बरोदा ने अपने अनुभव साझा किए और सहयोग के लिए हास्टल वार्डन्स और स्टाफ सदस्यों का आभार जताया। इस अवसर पर एडिशनल चीफ वार्डन प्रो. सुधीर कुमार, वार्डन डा. शमशेर मलिक, डा. जितेन्द्र कुमार, डा. कर्मवीर श्योकंद, डा. सुरेन्द्र कुमार, डा. जगबीर सिंह, डा. सुरेन्द्र सिंह, डा. हरकेश अहलावत, डा. राजेश कुमार, डा. कमलदीप सिंह तथा डा. प्रदीप कुमार, चीफ वार्डन कार्यालय से संजय कुमार सहित हास्टल सुपरवाइजर जयपाल सिंह, विक्रम दहिया आदि मौजूद रहे।

## शोध समाज के मुद्दों का समाधान खोजने की प्रकिया

- बाबा मस्तनाथ विश्वविद्यालय में रिसर्च मेथडोलॉजी एवं पब्लिकेशन एथिक्स पर आयोजित शैक्षणिक प्रशिक्षण कार्यक्रम सम्पन्न

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक




रोहतक। शैक्षणिक प्रशिक्षण कार्यक्रम के समापन पर उपस्थित शोधार्थियों के साथ कुलपति प्रो. (डॉ.) एच एल वर्मा व अन्य शिक्षकगण।

बाबा मस्तनाथ विश्वविद्यालय के रिसर्च एंड डेवलपमेंट सेंटर द्वारा आयोजित दो माह तक चलने वाले शैक्षणिक प्रशिक्षण कार्यक्रम रिसर्च मेथडोलॉजी एवं पब्लिकेशन एथिक्स बुधवार को संपन्न हुआ। इस कार्यक्रम का उद्देश्य शोधार्थियों, फैकल्टी सदस्यों तथा उच्च शिक्षा से जुड़े विद्यार्थियों को अनुसंधान की गुणवत्ता, प्रक्रिया, विधियों एवं प्रकाशन के नैतिक मूल्यों से परिचित कराना रहा। प्रशिक्षण कार्यक्रम में शोध के विविध पहलुओं पर गहन सत्र आयोजित किए गए, जिनमें रिसर्च डिजाइन एवं मेथडोलॉजी, डेटा संग्रहण एवं विश्लेषण तकनीक, साहित्य समीक्षा, संदर्भ लेखन, शोध नैतिकता, प्लैजियारिज़्म से बचाव, जर्नल चयन, इंपैक्ट फैक्टर की समझ, स्कोपस एवं लिस्टेड जर्नल्स, फर्जी, प्रिडेटरी जर्नल्स की पहचान जैसे अत्यंत उपयोगी विषयों को सम्मिलित किया गया। कुलपति प्रो. (डॉ.) एचएल वर्मा ने कहा कि शोध केवल अकादमिक अनुष्ठान नहीं है, यह समाज के वास्तविक मुद्दों का समाधान खोजने की प्रक्रिया है। इस एक माह के शैक्षणिक कार्यक्रम में देशभर से लगभग 200 शोधार्थियों ने भाग लिय। समापन समारोह में विश्वविद्यालय के विभिन्न संकायों के डीन, प्रो. विनोद कुमार, प्रो. नवीन कुमार, सह-समन्वयक प्रो. अरुणा अंचल, विश्वविद्यालय आईक्यूएसी निदेशक प्रो. अरूप गिरी आदि उपस्थित रहे।

### गोयल क्लब ने 49 रन से जीत हासिल की



रोहतक। गोयल क्लब व श्री जयनारायण क्रिकेट क्लब के बीच बुधवार को 40 ओवर का अभ्यास मैच खेला गया। मैच बुधवार को बख्तावर क्रिकेट ग्राउंड में खेला गया। गोयल क्लब की टीम ने 49 रन से मैच जीता । गोयल क्रिकेट टीम की ओर से पहले बल्लेबाजी करते हुए ध्रुव शर्मा ने 92 रन तथा पीयूष ने 16 रन बनाए। श्री जय नारायण क्रिकेट क्लब की तरफ से अतुल पंघाल और मानव ने दो-दो विकेट लिए। गोयल क्रिकेट क्लब की तरफ से बेस्ट बल्लेबाज ध्रुव शर्मा और बेस्ट गेंदबाज पीयूष को चुना गया। इस मैच में श्री जय नारायण क्लब ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी का फैसला किया । गोयल क्रिकेट क्लब की टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 186 रन बनाए । इसके जवाब में श्री जय नारायण क्रिकेट क्लब की पूरी टीम मात्र 137 रन पर ढेर हो गई । जय नारायण क्लब की तरफ से आदित्य 26 रन तथा आवेश 20 रन ही बना सके। गोयल क्लब की ओर से पीयूष सेन ने तीन, ध्रुव शर्मा और अभिनव गुप्ता ने दो-दो विकेट लिए।

## 186004.40 गेहूं व 25304.53 एमटी सरसों की हुई खरीद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

अब तक जिला की मंडियों में 186004.40 मीट्रिक टन गेहूं एवं 25304.53 मीट्रिक टन सरसों की खरीद की गई है। सरकार द्वारा सरसों के लिए 5950 रुपए प्रति क्विंटल तथा गेहूं के लिए 2425 रुपए प्रति क्विंटल न्यूनतम समर्थन मूल्य घोषित किया गया है। कलानौर मंडी में एफसीआई द्वारा 3954 व हरियाणा राज्य वेयरहाऊस कोरपोरेशन द्वारा 12405 , किलोई मंडी 16746.30, लाखनमाजरा मंडी में 13392.50 , मदीना मंडी में 7861 , महम मंडी 19528 , रोहतक मंडी में 62348.10 , सांपला मंडी में 35467.60 व सांघी मंडी में 14301.90 मीट्रिक टन गेहूं की खरीद की गई है। अभी तक 25304.53 सरसों खरीदी गई है।

### उपायुक्त ने ड्यूटी मजिस्ट्रेट किए नियुक्त

रोहतक। जिलाधीश धीरेंद्र खडगटा ने नगर निगम के वार्ड संख्या 22 सुनारिया कलां में पंजाब नेशनल बैंक के नजदीक ड्रेन के निर्माण तथा आईपीएफ टाइलें डालने के दौरान कानून व्यवस्था बनाए रखने के दृष्टिगत नगर निगम के सहायक अभियंता तरूण को डयूटी मजिस्ट्रेट नियुक्त करने के आदेश जारी किए हैं। आदेश के तहत पुलिस अधीक्षक द्वारा डयूटी मजिस्ट्रेट के साथ महिला पुलिस सहित पर्याप्त पुलिस बल तैनात किया जाएगा तथा पुलिस बल के प्रभारी निरंतर उनके संपर्क में रहेंगे।

## द आर्यन स्कूल में खो-खो मैच आयोजित

- प्रधानाचार्य राज कुमार खन्ना ने सभी छात्राओं की सराहना की और विजेता हाउस को बधाई दी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

द आर्यन गलोबल स्कूल में इंटर हाउस खो-खो मैच का आयोजन हुआ, जिसमें कक्षा छठी से आठवीं तक की छात्राओं ने भाग लिया। छात्राओं ने मैच को बड़े ही उत्साह के साथ खेला। स्पोर्ट्स कोच जयबीर सिंह ने बच्चों का मार्गदर्शन किया। एक्टिविटी कोऑर्डिनेटर श्वेता ने बच्चों की प्रशंसा की।

विद्यालय की निदेशिका सुनीता अहलावत, प्रधानाचार्य राज कुमार खन्ना ने सभी छात्राओं की सराहना की और विजेता हाउस सारागढ़ी को बधाई दी। प्रधानाचार्य ने कहा कि ऐसी प्रतियोगिताओं से बच्चों के अंदर एकता और शारीरिक मजबूती का विकास होता है। स्कूल प्रधानाचार्य ने बच्चों को आशीर्वाद दिया और उनके अच्छे स्वास्थ्य की मंगल कामना की।

## वैश्य महिला कॉलेज में स्केचिंग स्पर्धा आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक



रोहतक। प्रतिभागी अपने पोस्टरों के साथ।

वैश्य महिला महाविद्यालय में फाइन आर्टस क्लब की तरफ से स्केचिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें छात्राओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। कॉलेज प्रिंसिपल डॉ. रश्मि गुप्ता ने सभी छात्राओं का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि पढ़ाई के साथ-साथ हमें अपनी कला को भी बाहर लाना चाहिए। इस प्रतियोगिता के निर्णायक मंडल की भूमिका डॉ. श्वेता कक्कड़ तथा डॉ. श्वेता गुप्ता ने निभाई। इन प्रतियोगिताओ में प्रथम भूमि, द्वितीय वंशिका, तृतीय अंशिका तथा सांत्वना पुरस्कार गरिमा ने प्राप्त किए। इस प्रतियोगिता का आयोजन फाइन आर्ट्स क्लब कन्वीनर डॉ. मोनिका गोयल तथा क्लब सदस्य डॉ. परमिन्दर कौर, डॉ. हरप्रीत कौर के निर्देशन में किया गया।

**कार्यक्रम** एमडीयू के टैगोर सभागार की गैलरी में आयोजित प्रदर्शनी संपन्न

# एमडीयू की 50 वर्ष की गौरवशाली यात्रा को चित्रों एवं पोस्टरों के माध्यम से दर्शाया

**प्रदर्शनी के माध्यम से एमडीयू के इतिहास को जीवंत किया गया : कुलपति**



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय की स्थापना के 50 वर्ष पूरा होने पर टैगोर सभागार की गैलरी में एमडीयू की विकास यात्रा को रेखांकित करती प्रदर्शनी का बुधवार को समापन हो गया। इस प्रदर्शनी में विश्वविद्यालय की स्थापना, विस्तार, उपलब्धियों, तकनीकी और शैक्षणिक नवाचार, वर्तमान स्थिति और भविष्य की झलक को प्रभावी ढंग से दिखाया गया। एमडीयू कुलपति प्रो. राजबीर सिंह ने कहा कि स्थापना दिवस ऐसा अवसर होता है जब विश्वविद्यालय अपनी जड़ों को याद करता है और अपने गौरवशाली सफर का उत्सव मनाता है। इस दिशा में एमडीयू की विकास यात्रा के 50 वर्षों के गौरवशाली सफर को चित्रों और पोस्टरों के माध्यम से दर्शाना न केवल विश्वविद्यालय के गौरवशाली इतिहास को जीवंत बनाता है, बल्कि वर्तमान विद्यार्थियों, शिक्षकों, स्टाफ सदस्यों और आंगुतकों के भी उस बेमिसाल सफर से जोड़ता है जो एमडीयू ने तय किया है।

### जानकारी की हासिल

एमडीयू के विभिन्न विभागों के शोधार्थियों, विद्यार्थियों, यूनिवर्सिटी कैंपस स्कूल के विद्यार्थियों, शिक्षकों, गैर शिक्षक कर्मियों, शहर के गणमान्य जनों एवं आगुंतकों ने प्रदर्शनी की विजिट की और विश्वविद्यालय के गौरवशाली इतिहास यात्रा बारे विस्तार से जानकारी ली। खासतौर पर स्कूल के विद्यार्थियों तथा आंगुतकों ने इस प्रदर्शनी में विश्वविद्यालय में संचालित यूजी एवं पीजी पाठ्यक्रमों, सर्टिफिकेट एवं डिप्लोमा कार्यक्रमों, कैपेसिटी बिल्डिंग, सॉफ्ट स्किल्स एवं लाइफ स्किल्स एन्हांसमेंट कार्यक्रमों, विश्वविद्यालय की शोध, खेल, सांस्कृतिक सहित अन्य क्षेत्रों में उपलब्ध सुविधाओं एवं उपलब्धियों बारे जानकारी प्राप्त की।

## राजकीय माध्यमिक विद्यालय में मनाया विश्व पृथ्वी दिवस




हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

राजकीय माध्यमिक विद्यालय सेक्टर-पांच में विश्व पृथ्वी दिवस मनाया। मुख्याध्यापिका नीलम देवी की अध्यक्षता में विज्ञान अध्यापिका सीमा रानी द्वारा पर्यावरण को स्वच्छ रखने के लिए छात्र छात्राओ को शपथ दिलाई गई। इस अवसर पर निर्मला, सरिता, बबीता, भावना, सोनू, मोहित मौजूद रहे।